वर्ष- 21 अंक - 240 cityblastindore@gmail.com RNI NO. MPHIN/2005/15582 fb.com/cityblastindore मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक

# सिटी ब्लास्ट

निर्भीक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

इंदौर, शुक्रवार 13 फरवरी 2026

## शेख हसीना की रैली में ग्रेनेड अटैक करने वाले

# तारिक रहमान बनेंगे प्रधानमंत्री

### बांग्लादेश में 35 साल बाद पुरुष प्रधानमंत्री मोदी ने दी बधाई

ढाका ● एजेंसी



बांग्लादेश में हुए चुनाव में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) को दो-तिहाई बहुमत मिल गया है। इस पार्टी के मुखिया तारिक रहमान बांग्लादेश के नए प्रधानमंत्री हो सकते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने इस जीत पर तारिक को बधाई दी है। अगर तारिक प्रधानमंत्री बनते हैं तो 35 साल बाद बांग्लादेश में पुरुष प्रधानमंत्री का राज होगा। तारिक रहमान 17 साल बाद बांग्लादेश लौटे और चुनाव में जीतकर उन्होंने धमाकेदार वापसी की। शेख हसीना की रैली में ग्रेनेड अटैक के मामले में उन्हें उम्रकैद सुनाई गई थी। खुद तारिक रहमान ने 2 सीटों पर चुनाव लड़ा था और वे दोनों सीटों पर जीत गए। कुल 300 सीटों में से उनकी पार्टी ने 209 सीटें जीती हैं।

### जश्न नहीं नमाज

जीत के बाद बीएनपी ने जश्न नहीं मनाने का फैसला किया है। पार्टी ने देशभर में जुमे की नमाज के बाद प्रार्थना सभाएं आयोजित करने का ऐलान किया है। इन प्रार्थनाओं में तारिक रहमान की मां और दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की आत्मा की शांति और देश की भलाई की दुआ मांगी जाएगी।

## न्यूज़ ब्रीफ...



### रणवीर सिंह को धमकी मामले में बड़ा खुलासा

**मुंबई.एजेंसी।** मुंबई क्राइम ब्रांच की जांच में पता चला है कि मौजूदा समय में बिश्नोई गैंग के खास गुर्गों में से एक हैरी बॉक्सर ने वॉइस नोट भेजकर रणवीर सिंह को धमकी दी और एक करोड़ रुपए की वसूली मांगी थी। धमकी को भेजने में वीपीएन नेटवर्क का इस्तेमाल किया गया था और अब तक की जांच में उसकी लोकेशन विदेश की मिली है और इसे ट्रेस करने में इंटरपोल की मदद ली जा रही है।

### स्कूलों को फिर धमकी

दिल्ली के कई स्कूलों को आज फिर बम से उड़ाने की धमकी दी गई। इसके पहले भी यहां कई बार इस तरह की धमकियां मिल चुकी हैं।

### अपना अलग शंकराचार्य बनाएगा किन्नर समुदाय

**शुक्रवार.एजेंसी।** देश में पहली बार किन्नर समुदाय अपना अलग 'शंकराचार्य' नियुक्त करने जा रहा है। किन्नर अखाड़े के संस्थापक ऋषि अजय दास ने घोषणा की है कि 'किन्नर जिहाद' और समुदाय के भीतर बढ़ रहे धर्मांतरण के खतरों से निपटने के लिए महाशिवरात्रि के दिन किन्नर समुदाय अपने 'शंकराचार्य', 'महामंडलेश्वर' और 'महंत' बनाएगा।



## शेयर बाजार में ब्लैक फ्राइडे

### 772 अंक लुढ़का सेंसेक्स

**मुंबई.एजेंसी।** भारतीय शेयर बाजार के लिए आज का दिन 'ब्लैक फ्राइडे' साबित हुआ। गुरुवार को आईटी शेयरों में भारी गिरावट का असर कुछ ऐसा रहा कि आज सेंसेक्स और निफ्टी दोनों ही बेंचमार्क इंडेक्स गोता लगाते दिखे। कारोबार की शुरुआत में 30 शेयरों वाले बीएसई सेंसेक्स में 772 अंकों की बड़ी गिरावट आई और निफ्टी भी 236 अंकों की कमजोरी के साथ 25571 पर खुला।

### चांदी 26000 रुपए गिरी

सोने और चांदी में बड़ी गिरावट एक बार फिर देखने को मिली है। गुरुवार देर रात मल्टी कमोडिटी मार्केट पर सोना करीब 6500 रुपए टूट गया। चांदी के दाम में भी बड़ी गिरावट आई है और यह 26000 रुपए टूट गई।

## बांग्लादेश में अब हिन्दू परिवार का घर फूंका

**ढाका.एजेंसी। बांग्लादेश में हिन्दुओं पर अत्याचार थमने का नाम नहीं ले रहा। यहां कल हुए मतदान से पहले एक हिन्दू की हत्या की गई थी। अब एक हिन्दू परिवार का घर फूंक दिया गया। बांग्लादेश के दिनाजपुर जिले के बीरगंज उपजिला में चुनावी नतीजे आने के तुरंत बाद आगजनी की एक गंभीर घटना सामने आई है। कल रात को निजपाड़ा यूनियन के देबीपुर बनियापाड़ा गांव में शरारती तत्वों ने बिमल चंद्र रॉय के घर में आग लगा दी। इस अग्निकांड में परिवार को कई लाख टका का नुकसान हुआ है।**

## दामाद के साथ भागने वाली ने कहा- मैं तो जीजा के साथ भागी ही नहीं

**अलीगढ़.एजेंसी।** अपने होने वाले दामाद राहुल के साथ भागकर 10 महीने तक उसकी पत्नी बनकर रहने वाली महिला के बारे में खबर आई थी कि वह अब अपने जीजा के साथ भाग गई, लेकिन अब इस महिला ने थाना पहुंचकर कहा कि वह जीजा के साथ नहीं भागी। राहुल उसे पिछले कुछ दिनों से टार्चर कर रहा था इसलिए वह उसका घर छोड़कर आ गई।

## नेवल डॉकयार्ड में लगी आग से अफरा-तफरी

**मुंबई.एजेंसी।** मुंबई के दक्षिणी हिस्से में स्थित नेवल डॉकयार्ड में गुरुवार देर रात आग लगने की घटना सामने आई, जिससे कुछ समय के लिए इलाके में हलचल मच गई। आग डॉकयार्ड के अंदर मौजूद एक वेस्ट स्टॉकयार्ड में लगी थी। आग रात करीब 10:25 बजे लगी। समय रहते आग को फैलने से रोक लिया गया और कुछ ही समय में आग पर नियंत्रण पा लिया गया।

### पहले कब्र तोड़ी फिर दरगाह में लगाई आग

**फर्रुखाबाद.एजेंसी।** फर्रुखाबाद जिले में चिलसरा रोड स्थित कर्बला (नजफ) में अराजकतत्वों ने कब्र को क्षतिग्रस्त किया। दरगाह के एक हिस्से में आग लगा दी। इसमें ताजिया व अलम जल गए। पुलिस ने पूछताछ के लिए कुछ संदिग्धों को हिरासत में लिया है।

## विदिशा में तालाब में गिरी कार, 3 बारातियों की मौत



विदिशा ● एजेंसी

मध्यप्रदेश के विदिशा में गुरुवार देर रात बारातियों से भरी तेज रफ्तार टवेरा कार सूखे तालाब में जा गिरी। हादसे में 3 बारातियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 7 लोग घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### बस-ट्रक भिड़ंत में 3 की मौत, 18 घायल

**उत्तर प्रदेश के बदायूं में एक बस और ट्रक की टक्कर के कारण 3 लोगों की मौत हो गई जबकि 18 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।**

### कार ने 6 को कुचला, 1 की मौत

**लखनऊ में 12वीं कक्षा के नाबालिग छात्र ने 6 लोगों पर कार चढ़ा दी जिससे एक बच्चे की मौत हो गई और 5 लोग घायल हो गए। छात्र के साथ एक लड़की भी कार में सवार थी।**

## एक आंख से अंधे हो गए इमरान खान

### सुप्रीम कोर्ट में फूट-फूटकर रोईं पूर्व पीएम की बहन

**इस्लामाबाद.एजेंसी।** पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट ने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की आंखों की स्थिति को गंभीर मानते हुए उनकी तत्काल मेडिकल जांच कराने के आदेश दिए हैं। अदालत में पेश की गई रिपोर्ट में बताया गया है कि इमरान खान अपनी दाईं आंख की लगभग 85 प्रतिशत रोशनी खो चुके हैं। सुनवाई के बाद अदालत परिसर के बाहर उस समय भावुक माहौल बन गया जब इमरान खान की बहन अलीमा खान उनके स्वास्थ्य से जुड़ी जानकारी सुनकर रो पड़ीं। इमरान खान के पहले पाकिस्तान में जुल्फिकार अली भुट्टो को फांसी दी गई थी और उनकी बेटी बेनजीर भुट्टो की भी हत्या हुई थी। नवाज शरीफ को भी निर्वासन पर अरब भेज दिया था।



# प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सैकड़ों नोटिस कार्रवाई शून्य-कांग्रेस

## लगाया आरोप, नोटिस देकर सेटिंग करने में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी नगर निगम से भी आगे

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

शहर कांग्रेस संगठन महासचिव संजय बाकलीवाल ने आरोप लगाया कि प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड के अधिकारी नोटिस देकर सेटिंग करने में नगर निगम अधिकारियों से भी बहुत आगे हैं। सूत्र बता रहे हैं कि प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के विजयनगर क्षेत्र स्थित कार्यालय से हर माह नोा-टिस जारी होते हैं लेकिन कार्रवाई इनमें से शायद ही किसी एक पर की जाती है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी यदि सचेत होते तो भागीरथपुरा जैसा गंभीर किस्म का मामला सामने नहीं आता, जिसमें मौत का आंकड़ा 35 तक पहुंच चुका है। जहां तक इंदौर शहर की बात है सैकड़ों कॉलोनी-मोहल्लों में सीटी स्कैन एमआरआई और एक्सरे मशीन चलाने के साथ ही पैथोलॉजी लैब के साथ ही कई खतरनाक कारखाने भी स्थापित हो चुके हैं। यह कारखाने कई प्रकार का प्रदूषण फैला रहे हैं। साथ ही इससे निकलने वाला अपशिष्ट जमीन में रिसकर पानी को गंदा कर रहा है, लेकिन इनसे होने वाले प्रदूषण पर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों की कोई नजर नहीं है। कांग्रेस संगठन महासचिव संजय बाकलीवाल ने आगे बताया कि प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के इंदौर कार्यालय से न सिर्फ शहर बल्कि संभाग स्तर पर नोटिस देकर सेटिंग करने का खेल खेला जा रहा है। सूत्र बता रहे हैं कि प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी और पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारी सेटिंग के खेल में बराबर पार्टनरशिप कर रहे हैं। जहां प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों की सेटिंग नहीं हो पाती वहां वे पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों से सांठ-गांठ करके संबंधित प्रतिष्ठान का बिजली कनेक्शन कटवा देते हैं। ऐसे में यह प्रश्न उठता है कि क्या बिजली कंपनी ने संबंधित प्रतिष्ठान को कनेक्शन देने के पूर्व प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से एनओसी मंगाई थी, जबकि अन्य सभी विभागों में किसी भी कार्य को संपादित करने के पूर्व संबंधित विभागों से एनओसी प्राप्त की जाती है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों की सेटिंग के संबंध में कांग्रेस संगठन जल्द ही संभाग आयुक्त सहित अन्य अधिकारियों को ज्ञापन सौंपेगा। उक्त पूर्ण जानकारी आरोप के साथ संजय बाकलीवाल ने दी।

## अवैध कालोनियों पर अंकित हो जिम्मेदार अधिकारियों की सूची -द्विवेदी

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** म.प्र. कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता प्रमोदकुमार द्विवेदी ने नगर निगम पर सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि अवैध कालोनियों के गेट पर नगर निगम द्वारा सूचना पटल लगाया जा रहा है, जिस पर कालोनी के अवैध होने की जानकारी लगाई गई। द्विवेदी ने कहा कि जब कालोनी का निर्माण होता है तब निगम के अधिकारियों की भी जिम्मेदारी होती है। ऐसे में जिम्मेदार अधिकारियों की सूची भी लगाई जाना चाहिए और उन्हें भी दोषी माना जाना चाहिए। उन्होंने भाजपा सरकार को भी आड़े हाथों लिया और कहा कि प्रदेश में 2003 से भाजपा सरकार है और नगर निगम में 1999 से परिषद में भाजपा है, ऐसे में बड़ी संख्या में अवैध कालोनी का निर्माण कैसे हुआ। पूर्व मंत्री और विधायक उषा ठाकुर भी एक कालोनी के अवैध निर्माण बचाने के खातिर मैदान में उतरी थी, वहां भी धड़ल्ले से अवैध निर्माण कैसे चल रहा है।

## मीडिया ने कहा- जब महाराज आते हैं तो ही आप ग्वालियर आते हो, तो भड़के सिलावट

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

**पत्रकारों के सवाल के जवाब में इन दिनों प्रदेश के कई मंत्री उलझे हुए हैं। भागीरथपुरा में हुए दूषित जल कांड के दौरान मंत्री कैलाश विजयवर्गीय पत्रकार के एक सवाल पर अपनी जुबान नहीं संभाल पाए थे, जिसका उन्हें अप्रत्यक्ष खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। दूसरी ओर अब मंत्री तुलसी सिलावट ग्वालियर में पत्रकार पर भड़क गए। उन्होंने तीखी प्रतिक्रिया दी और कहा कि आप मुझे निर्देश नहीं दे सकते।**



ग्वालियर के प्रभारी मंत्री तुलसी सिलावट कल अपने प्रभार क्षेत्र में पहुंचे, जहां उन्होंने पत्रकारों से चर्चा की। पत्रकार ने जब सवाल किया कि तब महाराज शहर में आते हैं तभी आप सक्रिय दिखाई देते हैं उसके बाद नजर नहीं आते हैं। इतना सुनते ही सिलावट ने तीखी प्रतिक्रिया दी और कहा कि साल भर का चार्ट निकालकर देख लीजिए फिर बात कीजिए। प्रभारी मंत्री को आप निर्देश नहीं दे सकते हैं और ऐसी भाषा का प्रयोग भी नहीं कर सकते हैं। अपने शब्दों को वापस लीजिए। यह अधिकार मैं किसी को नहीं देता हूं, मेरा लेखा-जोखा मेरी पार्टी, सरकार रखती है। उल्लेखनीय है कि सिलावट भले ही यह बोल दिए कि मेरी पार्टी मेरा लेखा-जोखा रखती है, लेकिन लेखा-जोखा तो जनता, मीडिया भी रखती है। यही कारण है कि इस प्रकार के सवाल उनसे सीधे पूछे गए, जिस पर वे भड़क गए।





## विधायक ने अध्यक्ष के साथ जाकर विधायकों से लिया चेक

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

भारतीय जनता पार्टी के समर्पण निधि अभियान 2026 के अन्तर्गत सहयोग राशि को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। इसके अन्तर्गत नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, अभियान के सहप्रभारी हरप्रीतसिंह बक्षी, विधायक मधु वर्मा और महेन्द्र हार्डिया के घर पहुंचे, जहां उन्होंने समर्पण निधि का चेक लिया। खास बात यह है कि दोनों विधायकों के घर पर नगर अध्यक्ष के साथ विधायक गोलू शुक्ला भी पहुंचे।

## हल्दी-कुमकुम कार्यक्रम में मौजूद रहे जनप्रतिनिधि

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 3 के वार्ड 63 में मातृशक्ति सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सम्मान के साथ हल्दी-कुमकुम समारोह भी आयोजित किया गया। आयोजन



में क्षेत्रीय विधायक गोलू शुक्ला भी मौजूद रहे। उन्होंने मातृशक्तियों को उपहार भी वितरित किए। इस दौरान मृदुल अग्रवाल, दीपेन्द्रसिंह सोलंकी, टीनू चौहान, दीपिका गोयल, वर्षा मूलचंदानी, विशाल सोनकर सहित अन्य मौजूद थे।



## कर्मचारियों की मांग को लेकर भाजपा अध्यक्ष को ज्ञापन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** कर्मचारी नेता ईश्वरलाल विश्नार ने बताया कि सफाई कर्मचारी संघ, मजदूर संघ के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने अपनी मांगों को लेकर हमेशा निगम कमिश्नर से लेकर अन्य अधिकारियों को ज्ञापन सौंपे, लेकिन निगम ने हमेशा सफाई कर्मचारियों की माँगों के प्रति उदासीनता बरती, अब मजबूर होकर पदाधिकारियों ने भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा की शरण ली और उन्हें कर्मचारियों की समस्या बताई और मांगों के निराकरण की गुहार भी लगाई और यह भी बताया कि निगम अधिकारी उनकी जायज मांगों को सुन नहीं रहे है, उदासीन बने हुए है, इसलिए नगर भाजपा इस पूरे मामले को मुख्यमंत्री के संज्ञान में लाए और मांगों का निराकरण नगर भाजपा अध्यक्ष करवाए।

## मध्य क्षेत्र में कांग्रेसियों ने लिया जल का सेम्पल



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** कांग्रेस द्वारा चलाए जा रहे शुद्ध जल परीक्षण अभियान के तहत आज परीक्षण रथ वार्ड क्रमांक 69 में पहुंचा, जहां कांग्रेस के मधुसूदन भलिका ने इतवारिया बाजार, मालगंज, समाजवादी नगर, वर्धमान नगर, भक्तप्रहलाद नगर, लोहारपट्टी, जंगमपुरा और नलिया बाखल से नल से जल लेकर सेम्पल एकत्रित किए। अब इस जल का परीक्षण कर रिपोर्ट तैयार की जाएगी। भलिका ने बताया कि क्षेत्रीय रहवासियों ने मौखिक रूप से नर्मदा जल को लेकर समस्याएं भी सुनाई।

## भार्गव और मेंदोला पहुंचे अलीजा दरबार

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** पंचकुइया रोड स्थित वीर अलीजा हनुमान मंदिर का जीर्णोद्धार चल रहा है। विधायक रमेश मेंदोला और महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने हनुमानजी के दर्शन कर मंदिर के निर्माण कार्यों को देखा उन्होंने मंदिर के गादिपति पवनानन्द महाराज से गुप्त मंत्रणा भी की।

# शहर कांग्रेस कल भोपाल भेजेगी 50 पदाधिकारियों के नाम

**दिल्ली से भोपाल आया फरमान, 21 फरवरी तक बनाना है इकाई, भोपाल कांग्रेस संगठन ने दिया आदेश, किसे लें किसे छोड़ें यह भी है परेशानी**

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

शहर कांग्रेस की 51 पदाधिकारियों की घोषणा की जाना है। एक पदाधिकारी संगठन महामंत्री के रूप में पहले घोषित हो चुके है इसलिए 50 पदाधिकारियों की सूची भोपाल भेजना है। 4 ब्लाक अध्यक्षों का मामला पहले से ही फंसा हुआ है। अब शहर कांग्रेस ने 50 पदाधिकारियों की सूची करीब-करीब तय कर ली गई है। 6 विधानसभाओं से नाम प्रभारियों के माध्यम से तय किए गए है, कुछ वरिष्ठों के नाम भी जोडे गए है। पूर्व में लम्बी चौडी पदाधिकारियों की सूची घोषित की जाती थी और बाद में भी नाम जोडे जाते थे। पुराने कार्यकाल की सूची 1 हजार से ऊपर पहुंच जाया करती थी। अब परेशानी यह आ रही है कि किसे ले और किसे छोडे फिर भी शहर कांग्रेस ने अभी तो 50 लोगों की सूची तैयार कर ली है जिसे कल सुबह तक अंतिम रूप देकर इस 50 पदाधिकारियों की सूची शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे द्वारा भोपाल भेज दी जाएगी। उल्लेखनीय है कि दिल्ली आलाकमान ने प्रदेश कांग्रेस संगठन को पत्र भेजकर 10 दिनों में प्रदेश के सभी शहर, जिलों में कार्यकारिणी बनाने के निर्देश जारी किए है। दिल्ली के निर्देश के बाद भोपाल संगठन ने भी सभी शहर जिला को निर्धारित फार्मेट में इकाई भोपाल भेजकर स्वीकृत कराने के निर्देश दिए है। शहर के साथ जिला को भी 21 फरवरी तक इकाई स्वीकृत कराना है। शहर ने निर्धारित समय के पहले ही नाम भेजने का मन बना लिया है। 50 पदाधिकारियों के नाम कल भेजे जाएंगे इसके अलावा पूर्व पार्षद के विशेष आमंत्रित नाम और पूर्व सांसद-विधायक के स्थायी आमंत्रित नाम भी 25 से 30 भेजे जाएंगे। वरिष्ठ नेताओं की सूची भी कार्यकारिणी की भेजी जाएगी। कम कांग्रेसियों के पदाधिकारी बनाने को लेकर जबर्दस्त प्रेशर कांग्रेस में बना हुआ है, हर कोई पदाधिकारी बनना चाह रहा है। बड़ी विधानसभा में 9 से 10 नाम, छोटी विधानसभा में 6 से 7 नाम लेने का मन बनाया है। जिले में भी इकाई बनाना है, वहां पर भी कम नाम चुनौती बने हुए है।

## रुके हुए ब्लाक अध्यक्ष भी 15 फरवरी के बाद तय होंगे

**मंडलम अध्यक्ष भी इस माह हो सकते हैं घोषित**

शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने बताया कि 15 फरवरी के बाद कभी भी 4 शहर कांग्रेस ब्लाक अध्यक्षों की घोषणा की जा सकती है। प्रभारी के नगर आगमन के बाद उनसे चर्चा होगी और विधानसभा 3 के 3 और विधानसभा 5 के 1 अध्यक्ष की घोषणा की जाएगी, वहीं इसी माह 85 मंडलम अध्यक्ष बनाए जाएंगे, जिसकी तैयारियां भी चल रही हैं। चौकसे ने कहा कि वे स्वयं मंडलम में पहुंचकर अध्यक्षों के माध्यम से मंडलम के प्रभारी, महिला प्रभारी और इकाई भी बनाएंगे। मंडलम की तरह ही बूथ पर भी अध्यक्ष बनाने के साथ प्रभारी और महिला प्रभारी बनाए जाएंगे। इस काम के बाद कांग्रेस मोहल्ला समिति भी बनाएगी। जिसमें रहवासियों के साथ कांग्रेसियों को जोड़ा जाएगा। इसमें थोड़ा समय लगेगा।

## कांग्रेस कलेक्टर से मिलने पहुचेगी

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )। शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने बताया कि 16 फरवरी सोमवार को चिंटू चौकसे सहित कांग्रेस का प्रतिनिधि मंडल कलेक्टर शिवम वर्मा से मुलाकात करेगा और उनसे मांग करेगा कि भागीरथपुरा में जो लोग मृत हुए और खासतौर से जिनके घरों में कमाने वाला नहीं है, उन्हें तत्काल मुआवजा दिया जाए और उन्हें सरकारी नौकरी भी दिलवाई जाए। कांग्रेस आज और कल में ऐसी सूची भी तैयार कर रही है जो कलेक्टर को सौंपी जाएगी।

# भाजपा नेत्री से विवाद और केस दर्ज होने से दुःखी शिक्षिका ने किया आत्महत्या का प्रयास

## परिजनों ने भाजपा नेता के संरक्षण का लगाया आरोप

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

बाणगंगा थाना क्षेत्र में बोरिंग को लेकर शुरू हुआ विवाद अब एक गंभीर मोड़ ले चुका है। दो दिन पहले भाजपा नेत्री और एक महिला शिक्षिका के बीच हुए विवाद में पुलिस द्वारा केस दर्ज किए जाने से आहत होकर शिक्षिका ने फांसी लगाकर जान देने की कोशिश की। समय रहते परिजनों की नजर पड़ने से उन्हें फंदे से उतारा गया और गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामला बाणगंगा इलाके का है, जहाँ दो दिन पहले बोरिंग चालू करवाने की बात को लेकर भाजपा नेत्री वंदना नामदेव और शिक्षिका आंचल गुप्ता के बीच तीखी झड़प हुई थी। इस विवाद के बाद पुलिस ने भाजपा नेत्री की शिकायत पर आंचल गुप्ता के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया था। केस दर्ज होने के बाद मीडिया से चर्चा के दौरान आंचल गुप्ता ने अपना दर्द बयां किया। उन्होंने बताया कि जब वह रात को थाने से घर लौट रही थीं, तब वंदना ने उन्हें और उनके परिवार को दोबारा रोका और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया। आँचल के परिजनों का आरोप है कि झूठा केस दर्ज होने और लगातार मिल रही धमकियों के कारण वे गहरे तनाव में आ गईं, जिसके चलते उन्होंने आत्मघाती कदम उठाया। आंचल के परिजनों और पड़ोसियों ने इस मामले में पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए हैं। उनका सीधा आरोप है कि वंदना नामदेव को क्षेत्र के एक भाजपा नेता का पूर्ण संरक्षण प्राप्त है, जिसके दबाव में पुलिस ने एकतरफा कार्रवाई करते हुए शिक्षिका पर केस दर्ज किया। परिजनों का कहना है कि इसी राजनीतिक रसूख के बल पर आंचल और उसके परिवार को लगातार डराया-धमकाया जा रहा है। पेशे से शिक्षिका आंचल गुप्ता का अस्पताल में इलाज जारी है। टीआई सियाराम गुर्जर के मुताबिक इस मामले में एक पक्ष पर प्रकरण दर्ज कर लिया गया है, जिसके बाद आरोपी पक्ष की महिला द्वारा आत्महत्या के प्रयास की जानकारी सामने आई है, जिसकी जांच की जा रही है। आज इस मामले में फरियादी के करीबी धर्मेन्द्र गुप्ता से बात की तो उन्होंने एमवाय अस्पताल में दाखिल आंचल गुप्ता से बात कराई और उन्होंने कहा कि मैं भाजपा नेत्री से परेशान हूं और उसी कारण मैंने आत्महत्या करने की कोशिश की और मैं इतनी परेशान हो चुकी हूं कि मैं अब जिंदगी जीना नहीं चाहती हूं। उन्होंने यहां तक कह दिया कि मैं अब एमवाय से बाहर निकलकर मरकर दिखाऊंगी।



## लोगों की जुबान पर नहीं चढ़ पा रहा है नया स्वच्छता गीत...

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। हाल ही में इंदौर नगर निगम ने अपना नया स्वच्छता गीत लॉन्च किया है। यह गीत नहीं लगता कि लोगों की जुबान पर चढ़ पाएगा। क्योंकि इस गीत की शब्दावली इतनी अच्छी नहीं है। वहीं यह गीत झाबुआ, धार, बड़वानी के आदिवासी अंचल के लोकगीतों जैसा लगता है। जिसमें बहुत तेज संगीत में शब्दों का कोई ज्यादा महत्व नहीं रहता है। स्थानीय कलाकारों द्वारा तैयार यह गीत सिर्फ इंदौर के स्वच्छता के महागुरु होने का बखान ही करता है। पहली बार इंदौर के स्वच्छता में नंबर वन आने में उस समय के स्वच्छता गीत ने बहुत ही मॉटिवेशनल काम किया था। सोनू निगम और शान जैसे बड़े कलाकारों की स्पष्ट आवाज के कारण इनके गीत बहुत जल्दी लोगों की जुबान पर चढ़ गए। संगीत संयोजन और शब्दावली भी बेहतर थी।

# चंदन नगर के अटाला घर पर निगम ने लगाया 60 हजार का जुर्माना

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**इंदौर नगर निगम की टीम ने आज सुबह चंदन नगर में स्थित चर्चित अटाला घर पर छापा मार कार्रवाई की। वहां पर गंदगी फैलाने और अटाला रखने के लिए अटाला घर के संचालक पर 60 हजार का जुर्माना लगाया है।**

नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर गौतम भाटिया ने बताया कि पहले भी इस स्थान पर नगर निगम के द्वारा कार्रवाई करते हुए एक लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया था। उस समय भी इस स्थान के संचालक को चेतावनी दी गई थी और कहा गया था कि किसी भी हालत में अटाला फैला कर नहीं रखें। इसके बावजूद वहां पर अटाला फैला हुआ था। नगर निगम की टीम के द्वारा आज सुबह जाकर छापामार कार्रवाई करते हुए चालान बनाया गया और 60 हजार का जुर्माना वसूल किया गया। इस फर्म के संचालक को चेतावनी दी गई है कि आगे से यदि इस तरह से अटाला फैला कर रखा गया तो बड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसमें एक खास बात यह है कि इस व्यक्ति के द्वारा अटाले के आगे एक सादा कपड़ा टांग दिया जाता है। नगर निगम के द्वारा जो हरी नेट लगाने का नियम बनाया गया है उसका भी पालन नहीं किया जाता है।

### मच्छी बाजार में पॉलिथीन पकड़ी

नगर निगम की टीम के द्वारा आज सुबह कार्रवाई करते हुए मच्छी बाजार से करीब 15 टन पॉलिथिन पकड़ी गई है। इस मामले में निगम की टीम के द्वारा पॉलिथीन को जब्त कर चालान बनाया गया और 1 लाख का जुर्माना वसूल किया गया। समाचार लिखे जाने के समय तक नगर निगम के द्वारा मच्छी बाजार में कार्रवाई की जा रही थी।

# आज से बाणेश्वर कुंड पर शिवरात्रि महोत्सव

**हल्दी, मेहंदी और कुमकुम की रस्म में मौजूद रहेंगे श्रद्धालु**

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। महाकाल रोड पर संस्था नमो नवगृह (शनि) एवं सत्यमेव जयते द्वारा महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर आज से 15 फरवरी तक महाशिवरात्रि महाकुंभ का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत शिव जलाभिषेक और रुद्राभिषेक आयोजन के साथ ही 15 फरवरी को बाणेश्वर कुंड से शिवजी की शोभायात्रा निकाली जाएगी। संस्था संरक्षक पूर्व पार्षद केके यादव एवं पार्षद शिवम यादव ने बताया कि क्षेत्र में विगत 22 सालों से महाशिवरात्रि पर यह आयोजन किया जाता है। महोत्सव की शुरुआत आज से हो गई। प्राचीन बाणेश्वर कुंड पर समस्त रस्में होंगी। अभिषेक अनुष्ठान के साथ आज हल्दी मेहंदी और कुमकुम रस्म का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें सैकड़ों महिलाएं भी मौजूद है। 14 फरवरी, शनिवार को रात्रि जागरण एवं संगीत का कार्यक्रम होगा। 15 फरवरी को बनेश्वर कुंड से मरीमाता चौराहे तक शोभायात्रा निकाली जाएगी। जिसमें 10 हजार से अधिक महिलाएं सिर पर कलश लेकर शामिल होंगी। कलश में पांच पवित्र नदियों का जल रहेगा। शोभायात्रा में बग्घी-घोड़े झांकियां एवं साधु-संत-महंत शामिल होंगे। इसके अलावा पहलवान, खिलाड़ी एवं प्रतिभाशाली क्षेत्र के लोग भी ओम नमः शिवाय का जाप करते हुए चलेंगे। पार्षद शिवम यादव ने बताया कि इस आयोजन में मातृशक्तियों की भूमिका अहम है।

## ध्वनि विस्तारक यंत्रों के नियम विरुद्ध प्रयोग पर प्रतिबंध

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। कलेक्टर शिवम वर्मा द्वारा 11 अप्रैल तक ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण हेतु ध्वनि विस्तारक यंत्रों के अनियंत्रित व नियम विरुद्ध प्रयोग पर प्रतिबंध लगाया है। लाउड स्पीकर, बैंड, प्रेशर हॉर्न सहित अन्य ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग अनुमति के बगैर प्रतिबंधित किया।

# स्कीम 140 क्षेत्र की बस्तियों में रहने वाले गरीब परिवारों को अब नहीं करना पड़ेगी इलाज के खर्च की चिंता

## हॉकर्स जोन के पास जल्द मिलने वाली है क्षेत्र के पहले संजीवनी क्लिनिक की सौगात

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

विधानसभा 5 के पिपलियाहांना क्षेत्र में गरीब बस्तियों में रहने वाले जरूरत-मंद लोगों के इलाज के लिए क्षेत्र में पहला संजीवनी क्लिनिक अब बनकर तैयार हो गया। आने वाले दिनों में बेहद जल्द निगम द्वारा हॉकर्स जोन के पास करीब 35 लाख से ज्यादा की लागत से तैयार क्षेत्र के पहले संजीवनी क्लीनिक की सौगात बेहद जल्द देने की तैयारी है। जिसको लेकर इन दिनों यहां तेजी के साथ काम चल रहा है।

### मुफ्त इलाज के साथ मिलेगी क्लीनिक में अन्य सुविधाएं

वार्ड क्रमांक 50 से जुड़े रमाबाई नगर, तालाब की पाल के पास स्थित गरीब बस्ती में मध्यमवर्गीय परिवार के साथ आईडीए मल्टी स्कीम 140 परिसर में रहने वाले सैकड़ो परिवारों के लोगों को अब अपने इलाज के लिए होने वाले खर्च की चिंता नहीं रहेगी। क्षेत्रीय पार्षद राजीव जैन और विधायक महेंद्र हार्डिया के प्रयासों से पिपलियाना क्षेत्र में जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क इलाज की सुविधा शासन-प्रशासन की महत्वपूर्ण योजना संजीवनी क्लिनिक में आने वाले दिनों में क्षेत्र के लोगों को मिलने वाली है।



### संजीवनी क्लीनिक निर्माण का कार्य अंतिम दौर में

जहां वर्तमान में यहां संजीवनी क्लीनिक निर्माण का कार्य लगभग पूरा होने वाला है। कहा जा रहा है कि जल्द तैयार संजीवनी क्लिनिक को शुरू कर क्षेत्र के लोगों को कम खर्च में बेहतर इलाज की सुविधा के लिए बड़ी सौगात के रूप में निगम की देने की तैयारी है। पार्षद जैन ने बताया कि हमारा प्रयास है कि विधायक महेंद्र हार्डिया और महापौर पुष्यमित्र भार्गव से जल्द क्षेत्र की बस्तियों में रहने वाले हजारों रहवासियों की सुविधा के लिए संजीवनी क्लिनिक का विधिवत लोकार्पण कर जनता को सौंप दे। इसके लिए वर्तमान में यहां बचें काम तेजी के साथ पूरे करवाने के प्रयास कर रहे है।

## मंदिर परिसर में बधाई मांग रहे किन्नर को दी जान से मारने की धमकी

### कोर्ट की गवाही और आपत्ति को लेकर किया विवाद

**इंदौर। लसूड़िया थाना क्षेत्र में नर्मदेश्वर महादेव मंदिर परिसर में बधाई मांगने गये किन्नर के साथ गाली-गलौज और धमकी देने का मामला सामने आया है।**

फरियादी सुमैला उर्फ शिमला निवासी नंदलालपुरा किन्नर बस्ती ने पुलिस को बताया कि वह अपनी साथी नेहा कुवर के साथ मंदिर परिसर में बधाई मांगने का काम कर रही थी।इसी दौरान आरोपी सनम भास्कर अपने पति राहुल के साथ वहां पहुंची और पुराने विवाद को लेकर गंदी-गंदी गालियां देने लगी। सनम ने कोर्ट में अपने और अपनी गुरु सपना हाजी के खिलाफ आपत्ति लगाने पर नाराजगी जताई, जबकि राहुल ने गवाही देने पर जान से मारने की धमकी दी। उसने सपना हाजी सहित राजा हासमी, सोनम, काजल और अजय दास के खिलाफ बयान देने पर गंभीर अंजाम भुगतने की चेतावनी दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## शादी का झांसा देकर महिला से ज्यादती देवास के आरोपी के खिलाफ केस दर्ज

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

एक 40 वर्षीय महिला के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोपी ने पीड़िता को शादी का प्रलोभन देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए और बाद में अपने वादे से मुकर गया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर देवास निवासी आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, 40 वर्षीय पीड़िता की मुलाकात कुछ समय पहले विजय नागर, निवासी दुदलाई जिला देवास से हुई थी। आरोपी ने महिला को प्रेम जाल में फंसाया और शादी करने का अटूट विश्वास दिलाया। इसी झांसे में लेकर आरोपी ने नगीन नगर क्षेत्र में महिला की इच्छा के विरुद्ध उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। जब पीड़िता ने विजय पर शादी करने का दबाव बनाया, तो आरोपी ने साफ तौर पर इनकार कर दिया और उसे बीच राह छोड़ दिया। खुद को ठगा महसूस कर पीड़िता महिला थाने पहुँची और अपनी आपबीती सुनाई। महिला थाना पुलिस ने आरोपी विजय नागर के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

## 10वीं बोर्ड की परीक्षा शुरू

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** आज से एमपी बोर्ड 10वीं की परीक्षा शुरू हुई। विद्यार्थी अपने निर्धारित सेंटर पर सुबह पहुंचे। प्रदेश में करीब 9 लाख विद्यार्थी इस परीक्षा में शामिल हो रहे हैं। करीब 3 हजार से अधिक सेंटरों पर परीक्षा आयोजित की गई। 6 मार्च तक यह परीक्षा होगी। परीक्षा केन्द्र पर आज विद्यार्थियों की सुबह सख्त चैकिंग की गई। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा बनाए गए उड़नदस्ते भी तैनात है। नकल को रोकने के लिए सख्ती बरती जा रही है। पुलिस थाना से लेकर परीक्षा सेंटरों तक वीडियोग्राफी भी की जा रही है।

## तेज आवाज में साउंड सिस्टम बजाना कैफे संचालक को पड़ा भारी

**इंदौर।** भंवरकुआं थाना क्षेत्र में एक कैफे पर तेज आवाज में साउंड सिस्टम बजाकर आमजन को परेशान करने का मामला सामने आया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि भोलाराम उस्ताद मार्ग स्थित भुक्कड़ कैफे में अत्यधिक शोर किया जा रहा है, जिससे आसपास के लोगों को परेशानी हो रही है। सूचना पर बीट आईटी पार्क की टीम मौके पर पहुंची, जहां कैफे में तेज आवाज में साउंड सिस्टम चलता पाया गया। पुलिस ने कैफे संचालक हेमंत बैरागी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार सार्वजनिक स्थान पर ध्वनि प्रदूषण फैलाकर शांति भंग करने को लेकर आगे की कार्वाई की जा रही है।

## सोया प्लांट कर्मचारी ने किया 1 करोड़ का गबन तिलक नगर में क्रेडिट कार्ड से 3 लाख की ठगी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**शहर में आर्थिक अपराध के दो बड़े मामले सामने आए हैं। जूनी इंदौर पुलिस ने एक निजी कंपनी के कर्मचारी को एक करोड़ रुपये के गबन के आरोप में गिरफ्तार किया है, वहीं तिलक नगर में एक व्यक्ति के क्रेडिट कार्ड का दुरुपयोग कर लाखों रुपये की ऑनलाइन शॉपिंग की गई है।**

जूनी इंदौर थाना क्षेत्र के अंतर्गत प्रेम नगर निवासी सुरेश पाहुजा की कंपनी में बड़ी वित्तीय धोखाधड़ी का खुलासा हुआ है। कंपनी में वित्तीय लेन-देन संभालने वाले कर्मचारी पवन कुमार यादव निवासी प्रतापगढ़, उत्तर प्रदेश ने पद का दुरुपयोग करते हुए खातों में हेरफेर किया और करीब 1 करोड़ रुपये से अधिक की राशि का गबन कर लिया।एसीपी विजय चौधरी ने बताया कि आरोपी को कोर्ट में पेश कर 3 दिन की पुलिस रिमांड पर लिया गया है।पुलिस यह पता लगा रही है कि गबन की गई भारी-भरकम राशि कहाँ निवेश की गई या किन बैंक खातों में छिपाई गई है। इस मामले में अन्य सहयोगियों की संलिप्तता की भी जांच की जा रही है।

### क्रेडिट कार्ड हैक कर उड़ाए 3 लाख रुपये

तिलक नगर थाना क्षेत्र में साइबर ठगी का मामला सामने आया है। अनिल जाट नामक व्यक्ति के क्रेडिट कार्ड का अज्ञात बदमाशों ने दुरुपयोग किया।बदमाशों ने कार्ड के जरिए करीब 3 लाख रुपये के ट्रांजेक्शन किए, जिसमें मोबाइल फोन और अन्य कीमती सामान खरीदा गया। मोबाइल पर मैसेज आने के बाद पीड़ित को ठगी का पता चला। फिलहाल तिलक नगर पुलिस साइबर सेल की मदद से ट्रांजेक्शन आईडी और लोकेशन के आधार पर आरोपियों की तलाश कर रही है।

## काम से लौट रहे युवक पर अज्ञात बदमाशों ने किया हमला

### पत्थर मारकर सिर फोड़ा, जान से मारने की धमकी देकर भागे

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**चंदन नगर थाना क्षेत्र में देर रात घर लौट रहे एक युवक के साथ मारपीट और अड़ीबाजी की वारदात सामने आई है। दो अज्ञात बदमाशों ने युवक को रास्ते में रोककर गाली-गलौज की और विरोध करने पर पत्थर से हमला कर उसे लहूलुहान कर दिया। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।**

पुलिस के मुताबिक, फरियादी किशन पिता बलसिंह, निवासी मारुति पैलेस ने शिकायत दर्ज कराई है कि वह अपने काम से लौट रहा था। उसके सेठ ने उसे चंदू वाली गली के पास छोड़ा था, जहाँ से वह नाला पार कर पैदल अपने घर मारुति पैलेस की ओर जा रहा था। इसी दौरान सुनसान रास्ते पर दो अज्ञात युवक आए और बिना किसी कारण के किशन को गालियां देने लगे। जब किशन ने गाली देने से मना किया और विरोध जताया, तो बदमाश उग्र हो गए। उनमें से एक ने पास पड़ा पत्थर उठाकर किशन के सिर पर दे मारा, जिससे उसका सिर फट गया और खून निकलने लगा। मारपीट के दौरान बदमाशों ने उसे लात-थप्पड़ों से भी पीटा। इस छीना-झपटी और लड़ाई में फरियादी के गले की चांदी की चेन भी टूटकर वहीं कहीं गिर गई। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी किशन को धमकाते हुए वहां से भाग निकले। उन्होंने जाते-जाते चेतावनी दी कि 'अगर आइंदा कहीं दिखा, तो जान से खत्म कर देंगे।' घायल किशन ने जैसे-तैसे थाने पहुँचकर अपनी आपबीती सुनाई। चंदन नगर पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मारपीट और धमकी देने की धाराओं में केस दर्ज किया है।

# स्वच्छता सर्वेक्षण करीब आया तो गया बेक लेन पर ध्यान

## बजरंग नगर की बेक लेन को निगम ने बनाया सुंदर

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

अब जब स्वच्छता का सर्वेक्षण करीब आ गया है तो निगम का ध्यान मकान के पीछे की लेन पर गया है। हमेशा गंदगी से भरी रहने वाली इस लेन को साफ और सुंदर बनाने का काम शुरू हो गया है। इस काम की शुरुआत बजरंग नगर से की गई है।

स्वच्छता के मामले में देश का सिरमौर इंदौर अब एक बार फिर अपनी गलियों और बैकलेन की तस्वीर बदल रहा है। वार्ड 27 के अंतर्गत आने वाले बजरंग नगर में नगर निगम और क्षेत्रीय रहवासियों के साझा प्रयासों से एक पुरानी बैकलेन को '3-आर' थीम पर आधारित एक आकर्षक 'गेमिंग जोन' में बदल दिया गया है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सभापति एवं क्षेत्रीय पार्षद मुन्नालाल यादव तथा अपर आयुक्त प्रखर सिंह उपस्थित रहे। इस अभियान के तहत नगर निगम ने बैकलेन के बुनियादी ढांचे और कंक्रीटीकरण का कार्य किया, जिसके बाद रहवासियों ने स्वयं रंग-रोगन कर इसे सजाया। अब इस बैकलेन में बच्चे कैरम खेल रहे हैं और दीवारों पर स्वच्छता का संदेश दे रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान अपर आयुक्त और सभापति ने स्वयं दीवारों पर पेंटिंग की और 'हस्ताक्षर अभियान' के माध्यम से नागरिकों का उत्साहवर्धन किया। क्षेत्रीय रहवासियों ने अब एक 'बैकलेन मॉनिटरिंग टीम' का गठन किया है और यह संकल्प लिया है कि अब यहाँ कचरा नहीं फेंका जाएगा।





### हमेशा करते हैं ऐसा

नगर निगम के द्वारा जब भी स्वच्छता सर्वेक्षण करीब आने लगता है तब इस तरह का अभियान पूरे शहर में चलाया जाता है। कहीं पर बेक लेन को गेम खेलने का स्थान बनाया जाता है तो कहीं पर चाय पोहा की पार्टी की जाती है। कभी इस गंदगी से सराबोर रहने वाली सड़क पर क्रिकेट खेला जाता है तो कभी कोई और गतिविधि की जाती है। यह काम केवल सर्वेक्षण के आने के पहले शुरू होता है और सर्वेक्षण होने के कुछ समय बाद तक बना रहता है। इसके बाद यह गलियां फिर से गंदगी के ठिकाने के रूप में तब्दील हो जाती है।

# ड्रेनेज लाइन फोड़ी, फुटपाथ तोड़ा लेकिन जुर्माना लगा केवल 20 हजार

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**इंदौर नगर निगम के जोन क्रमांक 7 के अंतर्गत प्राइवेट संस्था द्वारा ड्रेनेज़ लाइन व फुटपाथ तोड़ने पर चालानी कार्रवाई की गई।**



सीएसआई सौरभ साहू ने बताया कि झोन क्रमांक 7 के अंतर्गत संपथ संघवी ग्रुप द्वारा कंस्ट्रक्शन का काम करते हुए फुटपाथ व ड्रेनेज़ लाइन तोड़ दी थी, जिस पर उक्त संस्था पर 20 हजार रु. के स्पॉट फाइन की कार्यवाही की गई। साथ ही ड्रेनेज़ लाइन व फुटपाथ को जल्द से जल्द दुरुस्त करने के निर्देश दिए। इस मौके पर बिल्डिंग इंस्पेक्टर राकेश शर्मा, प्रभारी दरोगा गजानंद बद्रे व एनजीओ म्यूस फाउंडेशन की टीम उपस्थित रही। वैसे तो नगर निगम के द्वारा कोई कचरा फैला देता है तो उस पर 25 हजार रु. का चालान बना दिया जाता है। इस मामले में तो ड्रेनेज लाइन फोड़ने और फुटपाथ तोड़ने जैसा काम कर दिया गया लेकिन इस मामले में मात्र 20 हजार रु. का जुर्माना लगाकर नगर निगम के अधिकारियों ने अपने कर्तव्य को पूरा कर लिया। इसके साथ में संबंधित व्यक्ति को चेतावनी दे दी कि आप सुधार करवाओ। अब ड्रेनेज लाइन को सुधार करवाना एक तकनीकी काम है। यह तकनीकी काम जब निजी क्षेत्र का व्यक्ति अपने हिसाब से करेगा तो वह लाइन कितनी अच्छी सुधरेगी इसका अंदाजा लगाया जा सकता है।

# सेंट्रल डिवाइडर निर्माण के लिए बीआरटीएस पर खुदाई शुरू

## यातायात बेहतर बनाने के लिए नगर निगम ने शुरू किया प्रयास जिस हिस्से में एलिवेटेड ब्रिज बनाने की प्लानिंग वहां नहीं बनेगा डिवाइडर

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

बीआरटीएस पर सेंट्रल डिवाइडर निर्माण के लिए नगर निगम द्वारा एक टेंडर निरस्त करने के बाद नगर निगम ने बचे हुए दो टेंडर के तहत निर्माण कार्य शुरू कर दिया है इसके लिए गुरुवार से खुदाई की जा रही है। नगर निगम ने फिलहाल उसे हिस्से को छोड़ दिया है जहां पर 6 किलोमीटर लंबा एलिवेटेड ब्रिज बनाया जाना है।

गुरुवार को लोटस चौराहे से विजयनगर की ओर बीआरटीएस पर सेंट्रल डिवाइडर निर्माण के लिए खुदाई की गई यहां लगभग तीन फीट चौड़ा और 4 फीट ऊंचा सेंट्रल डिवाइड बनाया जाएगा। नगर निगम जनकार्य विभाग के अपर आयुक्त अभय राजगावकर ने बताया कि लगभग 11 किलोमीटर लंबे बीआरटीएस पर हाई कोर्ट के निर्देश के बाद जालियां हटाने का काम एक साइट पर पूरा कर लिया गया था। यातायात जाम की स्थिति नहीं बने इसके लिए सेंट्रल डिवाइडर निर्माण की प्लानिंग की गई थी लेकिन एलिवेटेड ब्रिज निर्माण की योजना सामने आने के बाद सेंट्रल डिवाइडर बनाने के काम में परिवर्तन किया गया। निगम ने पूर्व में इसके लिए तीन टेंडर जारी किए थे लेकिन 6 किलोमीटर लोटस चौराहे से लेकर नौलखा तक एलिवेटेड ब्रिज बनाया जाएगा जिसके चलते इस हिस्से के टेंडर को निरस्त करके बचे हुए हिस्से में सेंट्रल डिवाइडर निर्माण की प्लानिंग की गई इसके बाद निर्माण कार्य आरंभ किया गया है। वर्तमान में 600 मीटर लंबा डिवाइड बनाया जाएगा।

सड़क पर वर्तमान में सेंट्रल डिवाइडर नहीं होने के कारण हर शाम सिग्नल पर बड़ी संख्या में वाहन जमा होने कारण जाम लगता है। साथ ही वाहनों के अनियंत्रित होने की स्थिति भी बनती है। जनकार्य प्रभारी राजेंद्र राठौड़ ने बताया कि एलिवेटेड ब्रिज निर्माण के कारण केंद्रीय डिवाइडर निर्माण का कार्य देरी से शुरू हुआ है, लेकिन जितने हिस्से में नगर निगम को निर्माण कार्य करना है वह आरंभ कर दिया गया है जल्द ही यह कार्य शुरू हो जाएगा। लगभग पूरे बीआरटीएस पर एलिवेटेड ब्रिज और फ्लाईओवर ब्रिज के हिस्से को छोड़कर लगभग 4:30 किलोमीटर के हिस्से में डिवाइडर बनाए जाएंगे। निर्माण एजेंसी को सख्त हिदायत दी गई है कि वह समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य करें।

# यातायात सुधार के लिए शहर की सड़कों पर उतरी पुलिस

## मध्य क्षेत्र के बाजारों के अलावा रानीपुरा, मालवा मिल, पाटनीपुरा सहित कई क्षेत्रों में चलाया अभियान





इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

यातायात पुलिस और नगर निगम द्वारा शहर की सड़कों पर कब्जा, पार्किंग करने वालों पर कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने कल मध्य क्षेत्र के बाजारों में ट्रैफिक को व्यवस्थित करने के लिए अभियान चलाया। मुख्य बाजारों में सफेद लाइन से रोड की ओर कोई भी वाहन नहीं खड़े करने की समझाइश दी। कई जगह चालानी कार्रवाई भी की गई। पुलिस ने मध्य क्षेत्र के बाजारों में पार्किंग में भी जाकर देखा और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। डीसीपी राजेश कुमार त्रिपाठी ने राजवाड़ा, सराफा, कपड़ा बाजार, खजूरी बाजार, सुभाष चौक, जेल रोड, रानीपुरा, मालवा मिल, पाटनीपुरा सहित कई क्षेत्रों में दौरा किया और शहर की बड़ी समस्या ट्रैफिक जाम के निजात के लिए प्रयास किए। उन्होंने व्यापारिक क्षेत्रों में व्यापारियों से पार्किंग में वाहन खड़े करने के लिए भी कहा।

# महाशिवरात्रि के लिए शिवालयों में उत्सव शुरू

## रविवार को भोले की भक्ति में रमेगा शहर

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। रविवार को महाशिवरात्रि मनाई जाएगी इसके लिए शिवालयों में तैयारियां पूरी हो चुकी है, कई जगह तीन दिवसीय उत्सव मनेंगे। आज ही कई शिवालयों में उत्सव शुरू हो रहे हैं। शिव मंदिरो में विशेष साज-सज्जा भी की गई है। भोलेनाथ का अभिषेक, पूजा की जा रही है। कई जगह भजन संध्या का आयोजन भी हो रहा है। रविवार को कई मंदिरों में ठंडाई, खिचड़ी प्रसाद वितरण भी किया जाएगा। कुल मिलाकर आज से ही श्रद्धालु भगवान भोले की भक्ति में रमेंगे, जिसके लिए रविवार को खास दिन होगा।**

### ओमनी रेजिडेंसी में रुद्र पूजा

शिवरात्रि पर आर्ट ऑफ लिविंग के माध्यम से ओमनी रेजिडेंसी में आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर रुद्र पूजा, रात्रि जागरण और रुद्र होम किया जाएगा। कार्यक्रम की शुरूआत सुबह 7 बजे सामूहिक सुदर्शन क्रिया से होगी। शाम को सत्संग भी होगा।

### बालेश्वर महादेव का श्रृंगार

मोती तबेला स्थित संत गाडगे बाबा धर्मशाला पर बाबा बालेश्वर महादेव का विशेष श्रृंगार किया जाएगा, महाआरती भी होगी। मुकेश सोलंकी ने बताया कि जनप्रतिनिधि भी इस अवसर पर मौजूद रहेंगे। खिचड़ी प्रसाद का वितरण होगा।

### विश्वेश्वर महादेव के दुर्लभ दर्शन

पंचकुइया रोड स्थित श्रीराम मंदिर पर विश्वेश्वर महादेव का विशेष श्रृंगार किया जाएगा। विश्वेश्वर महादेव का द्वादश शिवलिंग दुर्लभ है, शिवलिंग में 52 ॐ और 6 नाग के दर्शन होते हैं इसलिए इस दर्शन को दुर्लभ माना जाता है। मंदिर के पुजारी दिनेश शर्मा ने बताया कि 31 ब्राह्मणों द्वारा अखंड रुद्राभिषेक किया जाएगा। विश्वेश्वर महादेव को बाबा महाकाल के स्वरूप में सजाया जाएगा।



## शिव-पार्वती विवाह की आकर्षण झांकी

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** चॉइस पैलेस कालोनी स्थित नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में पांच दिवसीय शिव कथा का आयोजन चल रहा है। कल भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह का प्रसंग कथा के दौरान बताया गया। इस अवसर पर मंदिर प्रांगण में विवाह की झांकी सजाई गई। हल्दी और मेहंदी के कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं।

## चिड़ार समाजजनों ने किया पुस्तैनी मंदिर में हल्दी श्रृंगार



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** मूसाखेड़ी स्थित नर्मदेश्वर महादेव का हल्दी श्रृंगार किया गया। यह मंदिर चिड़ार समाज का पुस्तैनी मंदिर बताया जा रहा है। शिवरात्रि पर सुबह 11 बजे चल समारोह निकाला जाएगा। उक्त जानकारी जितेन्द्र शेरा, नितेन्द्र चंदेल ने दी।

## संत के मंगलप्रवेश के लिए जैन समाजजनों में उत्साह

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** आईपीएस स्कूल से विहार करके युवाचार्य महेन्द्र ऋषि महाराज राजेन्द्र नगर स्थित जैन स्थानक पहुंचे, जहां उन्होंने परिवार को जोड़ने और बच्चों के भविष्य को सुरक्षित करने पर प्रवचन दिए, इसके बाद वे आवासा रेजिडेंसी भी पहुंचे। आज सुबह नवलखा चौराहा से जुलूस के रूप में जानकी नगर जैन स्थानक पर मंगल प्रवेश किया। इस दौरान क्षेत्रीय जैन समाजजनों में काफी उत्साह था। उक्त जानकारी धर्मचन्द्र आर चौरडिया, हुल्लास बेताला और पीयुष जैन ने दी।



## विद्युत पेंशनर्स का धरना प्रदर्शन



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** विद्युत मंडल पेंशनर्स द्वारा लम्बित मांगों के लिए सरकार का ध्यान आकर्षित करने हेतु कलेक्टर कार्यालय चौराहा पर दोपहर 12 से 4 बजे तक धरना दिया गया। आरसी सोमानी, मनोज राणा ने बताया कि पेंशनर्स को पेंशन की गारंटी एवं केन्द्र सरकार द्वारा घोषित तिथि से महंगाई राहत तुरंत घोषित करने के लिए यह प्रदर्शन किया गया।

## कोर्ट में 4 मार्च धुलेंडी का अवकाश

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** म.प्र. उच्च न्यायालय, जिला और न्याय पालिका में होली-धुलेंडी का अवकाश 4 मार्च को रहेगा। इस अवकाश के एवज में अप्रैल के तृतीय शनिवार 18 अप्रैल को कार्य दिवस होगा। उक्त जानकारी अभिभाषक संघ के पूर्व अध्यक्ष गोपाल कचोलिया ने दी।



## आयुष विभाग का स्वास्थ्य शिविर सम्पन्न

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में जिला आयुष अधिकारी एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण संचालनालय सामाजिक विभाग भारत सरकार के संयुक्त तत्वावधान में जिले के वृद्ध एवं वरिष्ठजनों का स्वास्थ्य परीक्षण, योग अभ्यास एवं शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य पर व्याख्यान आदि कार्यक्रम के लिए शिविर का आयोजन श्री महिला उत्कर्ष संस्थान, गणेश बुजुर्ग आश्रम बाणगंगा इंदौर में किया गया, 46 वरिष्ठजनों ने शिविर में लाभ लिया। अधिकारी डॉ. मीना भायल, डॉ. हंसा बारिया, डॉ जितेन्द्र भालसे, उमेश चौहान, डॉ. ज्योति बरोले, रचना निगम, बसंती दौरवे, रेखा भदौरिया, नेहा शर्मा मौजूद थे।

## वंदे मातरम् के ससम्मान गायन को सरकार प्रदेश में लागू करेगी

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर केंद्रीय गृह मंत्रालय ने राष्ट्रगान जन-गण-मन से पहले सभी कार्यालयों और स्कूलों में राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के छह छंदों के गायन का निर्णय लिया है। यह अत्यंत सराहनीय एवं अभूतपूर्व पहल है। इसके जरिए पूरा देश अमर शहीदों के बलिदान को स्मरण करेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में हमारे वीर सेनानियों ने वंदे मातरम् गाते हुए स्वयं को देश के लिए बलिदान कर दिया। मध्यप्रदेश सरकार, केंद्र सरकार के इस निर्णय के साथ खड़ी है और वंदे मातरम् गायन के निर्णय को त्वरित रूप से प्रदेश में लागू कर रही है।

## आकाशवाणी इंदौर को मिला रिकार्ड का प्रमाण पत्र

### श्रीमहाकाल राजसी सवारी का अनवरत प्रसारण किया था

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** आकाशवाणी इंदौर को वर्ल्ड ग्रेटेस्ट रिकार्ड का प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ है। विगत वर्ष 18 अगस्त को श्रीमहाकाल राजसी सवारी का आकाशवाणी इंदौर की क्रियेटिव टीम द्वारा अनवरत 05.30 घंटे तक सजीव आँखों देखा हाल प्रसारित किया था, जिसे मध्यप्रदेश स्थित आकाशवाणी के सभी 19 केंद्रो द्वारा एक साथ रिले



किया गया। इस कार्य की सराहना करते हुए इसे वर्ल्ड ग्रेटेस्ट रिकार्ड की सूची में दर्ज किया गया। इस उपलक्ष्य में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में आकाशवाणी इंदौर की प्रसारणकर्ता की टीम में प्रमुख भूमिका निभाने वाले ब्रह्मप्रकाश चतुर्वेदी, सुधा शर्मा, उदित तिवारी, मुकामसिंह चौहान, अखिलेश बाथम, सुदर्शन अंसोलिया, अभय कुमार गुप्ता को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। कालिदास संस्कृत अकादमी उज्जैन के परिसर में आयोजित इस समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आकाशवाणी की अभूतपूर्व उपलब्धि राष्ट्र के गौरवशाली इतिहास में एक नया रिकार्ड स्थापित करने की बात कही। संस्था की सचिव लतिका शर्मा उपस्थित रहीं।

## पाठक की पुण्यतिथि पर आयोजन

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

मध्यप्रदेश विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन द्वारा डी पी पाठक की पुण्यतिथि पर फेडरेशन कार्यालय पर श्रमशक्ति दिवस मनाकर उनका स्मरण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। एनके यादव, मदन वर्मा, उम्मेदसिंह राजपूत, जे एल जोशी, संजय सकरगाये, प्रेमचंद गुप्ता, जीएल मेनारिया, एनके जैन, प्रियंका यादव, सुरेन्द्र पटेल, रामनारायण यादव, विरेन्द्र मिश्रा, राजू काले, महेश पाठक, मदन बौरासी, रामजी, मोनू स्वामी, जनेश्वर अहिरवार, आशीष परमार, किशोर सोनी शामिल हुए।





# मुस्लिम समाजजनों ने किया नए काजी का इस्तकबाल

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

देपालपुर-हातोद क्षेत्र के हसनाबाद में इमान कॉन्फ्रेंस कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें नए काजी का ऐलान हुआ, जिसके बाद मुस्लिम समाजजनों ने नए काजी हाफिज़ कारी सय्यद अता हुसैन का इस्तकबाल किया। उल्लेखनीय है कि कुछ दिनों से काजी नौशे मियां का स्वास्थ्य ठीक नहीं है। तकरीबन 45 साल पहले देपालपुर में मुफ्ती मालवा व मौलाना हामिद रज़ा साहब ने नौशे मियां को काज़ी बनाया था। कार्यक्रम में मुफ्ती-ए-मालवा और मुफ्ती शहर जामा मस्जिद के मुफ्ती की मौजूदगी में नए काज़ी के नाम का ऐलान किया गया। इस मौके पर मुफ्ती-ए-मालवा नुरूलहक नूरी, सांवेर काजी सालमुद्दीन, सैयद साबिर अली मौजूद थे। कार्यक्रम का समापन दुआ के साथ किया गया और सभी ने नए काज़ी को मुबारकबाद पेश की। 30-35 गांवों के मोअज्जिज़ नागरिक, उलेमा-ए-किराम और समाज के प्रमुख लोग मौजूद रहे।

# कालेज में टेकवेव का आयोजन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** आईपीएस अकादमी के स्कूल ऑफ कंप्यूटर्स द्वारा आईईईई स्टूडेंट चैप्टर के तत्वावधान में इंटर-कॉलेज आईटी प्रतियोगिता 'टेकवेव का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में तकनीकी नवाचार, रचनात्मकता तथा समस्या-समाधान की क्षमता को प्रोत्साहित करना रहा। निधि जैन, प्राचार्य डॉ. मनीष पुंडलिक, गौरव देवरारी, रचना राठौर, डॉ. उदय चक्रवर्ती, प्रो. कविता चौधरी,प्रो. निकिता पुरोहित, प्रो. निधि अग्रवाल मौजूद थे।



# मुनि सुव्रतनाथ जिनालय में कल मनेगा मोक्ष कल्याणक

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** 1008 श्री मुनिसुव्रतनाथ दिगम्बर जैन जिनालय सैटेलाईट जंक्शन में कल 14 फरवरी को भगवान 1008 श्री मुनिसुव्रतनाथ का मोक्षकल्याणक महोत्सव मनाया जाएगा। जिसकी तैयारियां की जा रही है। अभिषेक, शांतिधारा, विधान, पूजन, आरती के बाद निर्वाण लाडू मूल वेदी पर अर्पण किए जाएंगे। महेन्द्र जैन ने बताया कि कल दिनभर भगवान के समवशरण दर्शन,सायंकालीन आरती, भजनों का आयोजन होगा।



# पुस्तक विमोचन एवं कवितांजलि महोत्सव

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मां शारदा साहित्यिक मंच द्वारा पुस्तक विमोचन एवं कवितांजलि महोत्सव का आयोजन मध्य भारत हिंदी साहित्य समिति, परिसर में किया गया। डॉ. दीप्ती गुप्ता, डॉ. बरखा श्रीवास्तव, अरविन्द जवलेकर, हरेराम वाजपेयी, सत्यनारायण सत्तन, दिनेश तिवारी, तृप्ति शाह, राजू धाकड सहित अन्य मौजूद थे।

# जोशी सम्मानित

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** लोक निर्माण विभाग के सेवानिवृत अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सम्मान का आयोजन किया। समीक्षक प्रवीण जोशी को भी सम्मानित किया गया।



# कालेज में पहुंचकर बजरंगियों ने दिया धरना

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

गांधीनगर बड़ा बागड़दा क्षेत्र के एक कालेज पर वेलेंटाइन-डे के नाम पर जो कार्य हो रहे थे उसे बजरंगियों ने गलत बताते हुए विरोध किया। बजरंगी कालेज पहुंचे और वहां नारेबाजी भी की। विहिप बजरंग दल के तन्नू शर्मा, सागर सोनी ने कालेज पहुंचकर



वेलेंटाइन-डे के नाम पर होने वाले कार्यक्रम को लेकर आपत्ति ली और कालेज बंद कराया और नारेबाजी करते हुए धरने पर बैठ गए। गांधीनगर पुलिस ने पहुंचकर मामले को शांत किया। दूसरे वर्ग के छात्रों ने भी नारे लगाए। तन्नू शर्मा ने बताया कि वेलेंटाइन-डे के नाम पर खुली अश्लीलता की जा रही थी।

# अहिल्या गारमेंट में स्थानीय व्यापारियों को प्राथमिकता दें

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** अहिल्या गारमेंट सिटी बलाई जागीर में निर्माणाधीन होने वाली इकाई में इंदौर के स्थानीय वस्त्र व्यापारियों को प्राथमिकता देने की मांग वस्त्र व्यवसाई विक्की कालानी ने क़ी है। एमपी आईडीसी द्वारा स्थापित की जा रही नई गारमेंट इकाई अहिल्या गारमेंट सिटी बरलाई जागीर में मुंबई, दिल्ली, कोलकाता की बड़ी इकाइयों के साथ ही इंदौर के स्थानीय वस्त्र व्यवसायियों को प्राथमिकता देने की मांग की है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा रेडीमेड गारमेंट को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सांवेर विधानसभा में 44 करोड़ की लागत से 33 हैकटेयर में औद्योगिक इकाई स्थापित की जा रही है। इससे हजारों कर्मचारियों को रोजगार मिलेगा।

# काले श्रम कानून के खिलाफ आवाज बुलंद की

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** सभी ट्रेड यूनियन आव्हान पर इंदौर में भी गांधी हाल स्थित अभिनव कला समाज के हाल में एल आई सी, बैंक, कर्मचारियों सहित श्रमिक मजदूरों, किसानों, आशा आंगनवाडी कार्यकर्ता, स्वच्छता कर्मियों ने भी प्रदर्शन में भाग लेकर अपनी नाराजगी जताई। उक्त जानकारी देते हुए कर्मचारी नेता महेश गौहर ने बताया कि 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक सभा हुई, विरोध भी जताया गया।राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन भी सौंपा गया।



# शोभायात्रा रथ का शुभारम्भ

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** संत श्री सेवालाल महाराज की जयंती बड़ा गणपति से तोपखाना गुरुद्वारा तक निकलने वाली नगर कीर्तन (शौभा यात्रा) का प्रचार रथ का शुभारंभ रणजीत हनुमान मंदिर पर पूजा अर्चना कर हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। विशाल गिदवानी, प्रकाश मानावत, कालूराम ठेकेदार सहित अन्य मौजूद थे। 15 फरवरी को सेवालाल महाराज की शोभायात्रा दोपहर 12 बजे से निकाली जाना है।

# श्री गोवर्धननाथ मंदिर में आज से सात दिवसीय आयोजन

## वल्लभ परिवार के 250 से अधिक आचार्यश्री होंगे शामिल

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** वैष्णव सम्प्रदाय के गोवर्धननाथजी मंदिर हवेली परिसर यशवंतगंज में आज से 19 फरवरी तक मंगल आयोजन होने जा रहा हैं। प्रियव्रजराय बावाश्री एवं सौहार्द शर्मा के यज्ञोपवित जनेऊ संस्कार का आयोजन दस्तूर गार्डन में किया जा रहा है। देशभर से वल्लभकुल परिवार के करीब 250 आचार्यश्री आ रहे हैं। इस मंगल-मय अवसर पर प्रभु श्रीगोर्वधननाथजी के विविध मनोरथ दर्शन के साथ ही सांस्कृतिक संध्या, रास गरबा, फाग उत्सव, रसिया कीर्तन गान इत्यादि विविध कार्यक्रम के आयोजन रखे गये हैं। समिति प्रमुख प्रमोद नागर एवं निलेश नीमा (डेरी), ने बताया कि 18 फरवरी बुधवार को रात्रि 8 बजे शाही बाना (शोभायात्रा) यशवंतगंज स्थित श्री गोवर्धननाथजी हवेली परिसर से प्रारंभ होकर गोराकुण्ड, खजूरी बाजार होते हुए राजबाड़ा पर सम्पन्न होगी। उक्त शाही बाने में सम्पूर्ण भारतवर्ष से पधारें वल्लभकुल वैष्णवाचार्य भी सम्मिलित होंगे। रितेश मंत्री, मनोज नागर, सुरेश ठाकुर, चंद्रकांत नीमा, वी.डी. महाजन, बी.एल. गुप्ता, संजय नीमा, संजय नागर, मनीष राठी, अजय नीमा, नटवर बनिया ने श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में शिरकत करने की गुहार की है।



# आर्य समाज ने निकाली प्रभातफेरी, यज्ञ भी किया

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** आर्य समाज मंदिर संचार नगर कनाडिया रोड ने विरजानंद वैदिक गुरुकुल के तत्वावधान में महर्षि दयानंद सरस्वती के जन्मोत्सव पर प्रभातफेरी निकाली। यज्ञ सत्संग भी किया गया। डॉ. आचार्य, भानुप्रताप वेदालंकार, आचार्य प्रतीक शास्त्री, राकेश शास्त्री, गौतम शास्त्री, अशोक शास्त्री, गायत्री सोलंकी, सीमा नायक, विनायक आर्य सहित अन्य मौजूद थे।

# बदनावर के पीएम मित्र पार्क में साढ़े 7 हजार करोड़ के निवेश

## नए निवेश से 55 हजार रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे

**धार (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** इन्दौर सम्भाग के धार जिले के बदनावर में निर्माणाधीन पी.एम. मित्र पार्क के द्वितीय चरण के अलॉटमेंट में 13 कंपनियों को 320 एकड़ भूमि आवंटित की गई है, जिनके द्वारा लगभग 7,500 करोड़ का निवेश प्रस्तावित है। इससे 16,000 से अधिक नए रोजगार के अवसर सृजित होने की संभावना है। द्वितीय चरण की पूर्णता के साथ ही पी.एम. मित्र पार्क में कुल 38 कंपनियों से प्राप्त निवेश प्रस्तावों का आंकड़ा 21,500 करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। इस निवेश से बदनावर क्षेत्र में लगभग 55,000 रोजगार के अवसर सृजित होंगे। अब तक कुल 1,140 एकड़ भूमि आवंटित की जा चुकी है तथा शीघ्र ही तृतीय चरण प्रारंभ किया जाएगा। वर्तमान में एम.पी.आई.डी.सी. द्वारा लीज डीड एवं प्लॉट आधिपत्य की कार्यवाही तीव्र गति से संपादित की जा रही है। द्वितीय चरण में भिलोसा इंडस्ट्रीज द्वारा 4,500 करोड़ रुपये के निवेश का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है, जिसके लिए 200 एकड़ भूमि आवंटित की जा रही है। इस इकाई से 3,500 नए रोजगार सृजित होंगे। मानव निर्मित धागा (मैन मेड फाइबर) क्षेत्र की अग्रणी कंपनी भिलोसा इंडस्ट्रीज के प्रदेश में आगमन से एमएमएफ उद्योग के विकास का नया अध्याय प्रारंभ होगा। शीघ्र तीसरा चरण शुरू किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में आयोजित रीजनल, नेशनल एवं इंटरनेशनल रोड शो एवं कॉन्क्लेव मॉडल की अन्य पी.एम. मित्र राज्यों द्वारा सराहना की गई। एम.पी.आई.डी.सी. के कार्यकारी संचालक ने बताया कि अगला लक्ष्य पी.एम. मित्र पार्क के आसपास सामाजिक अधोसंरचना का विकास करना है, जिसमें स्कूल, कॉलेज, खेल मैदान, अस्पताल, मनोरंजन केंद्र तथा कर्मचारियों हेतु स्वच्छ, सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण आवासीय सुविधाएं विकसित की जाएंगी। सभी आय वर्ग के कर्मचारियों एवं अधिकारियों के लिए आवास उपलब्ध कराने की योजना बनाई गई है। पी.एम. मित्र पार्क को एक स्टेट-ऑफ-द-आर्ट औद्योगिक क्षेत्र के रूप में विकसित किया जा रहा है।



# अचानक मूसाखेड़ी क्षेत्र के बाजार में पहुंची निगम की रिमूवल गाड़ी, व्यापारियों में मच गई अफरा-तफरी

## दुकान के बाहर फुटपाथ घेरकर सामान रखने वाले व्यापारी खुद हटाने लगे अपना सामान

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** मूसाखेड़ी क्षेत्र के बाजार में शाम को अचानक निगम की सामान जब्त करने वाली रिमूवल गाड़ी पहुंची तो गाड़ी को देखते ही क्षेत्र के व्यापारियों में अफरा-तफरी मच गई। इस दौरान दुकानों के बाहर फुटपाथ और आधी सड़क घेरकर सामान फैला कर सजावट करने वाले दुकानदार दौड़-दौड़ कर खुद ही अपना सामान समेटते नजर आए। यही नहीं कई ठेले वालों ने तो आसपास की गलीयों में दौड़ लगा दी।

दरसअल नगर निगम द्वारा यातायात पुलिस के साथ अब सख्ती के साथ बाजार में सड़क और फूटपाथ घेरकर दुकानों के बाहर बोर्ड लगाकर डिस्प्ले करने और ठेले खड़े करने वालों पर सख्ती शुरू कर दी है। निगम की इस कार्यवाही से मूसाखेड़ी क्षेत्र के बाजारों में नर्मदा प्रोजेक्ट से लेकर आजाद नगर और डेली कॉलेज विद्युत जोन तक सड़क के आसपास फुटपाथ पर कब्जा कर ठेले गाड़ियां लगाकर फल फ्रूट और सब्जियां बेचने के साथ अन्य सामान बेचने वालों की सामंत आ गई है।

### निगम द्वारा कई बार चेतावनी देने के बाद भी नहीं मान रहे थे ठेले और लोडिंग वाले

बड़ी बात यह है कि निगम द्वारा लगातार कई बार चेतावनी देने के बाद भी बाजार में ठेलें वालों के साथ लोडिंग रिक्शा में सब्जी-भाजी और फल फ्रूट बेचने वालों का जमावड़ा शाम से लग जाता है। इस दौरान निर्धारित लाइन से आगे बढ़कर लोडिंग रिक्शा और ठेले वाले खड़े हो जाते हैं इसके आगे आधी सड़क घेरकर खरीदारी करने वाले अपने वाहन खड़े कर देते हैं जिसके कारण इस मार्ग पर आए दिन शाम के समय अक्सर जाम लगा रहता है।

### सांवरिया धाम मेनरोड पर शाम होते ही रोज खड़ी हो रही निगम की गाड़ी

वही इधर रिंगरोड चौराहे के पार पिछले साल तैयार हुई सांवरिया धाम मंदिर मार्ग वाली लंबी-चौड़ी सड़क पर शाम होते ही रोज निगम की रिमूवल गाड़ी खड़ी हो जाती है। जिसके डर के मारे ठेला गाड़ी और लोडिंग रिक्शा में फल-सब्जी और फ्रूट के साथ कपड़ों से लेकर अन्य सामान बेचने वाले दुकानदार भी अब आधी से ज्यादा सड़क घेरकर जाम लगाने वाले निर्माणधिन सर्विस रोड़ पर एक साइड खड़े रहकर अपना व्यापार करते है। जिसके कारण इस नई सड़क पर अब जाम नहीं लग रहा है। जबकि पहले यहां रोज शाम को सैकडों ठेले और लोडिंग रिक्शा में लोग सामान रखकर आधी से ज्यादा सड़क घेरकर दिन भर जाम लगा रहे थे। जिसकी शिकायत लगातार निगम को मिल रही थी। इसके बाद अब यहां निगम आयुक्त और महापौर के निर्देश पर निगम की रिमूवल टीम लगातार नजर रखती है। यही नहीं



शाम होते ही निगम की गाड़ी यहां आकर खड़ी हो जाती है। जिसके बाद यहां ठेलों के साथ लोडिंग रिक्शा में सामान रखकर बेचने वाले रोज नई निर्माणधीन सर्विस रोड़ पर लाइन से खड़े रहकर अपना व्यापार निगम की गाड़ी के डर से नियम और कायदे के साथ करते है। जबकि मूसाखेड़ी के व्यापारी आधी से ज्यादा सड़क घेरकर रोड़ पर ठेला और लोडिंग खड़ी करते है, जिन पर अब निगम ने सख्ती दिखाना शुरू कर दी है।

# पिपलियाहाना गांव के बच्चों को नए शिक्षा सत्र से पहले मिलेगी 2.75 करोड़ लागत की नई बिल्डिंग की सौगात

## अगले तीन माह में दुर्गा माता मंदिर के सामने हो जाएगी आधुनिक शैली में तीन मंजिला स्कूल इमारत तैयार

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** विधानसभा 5 के वार्ड क्रमांक 50 से जुड़े पिपलियाहांना गांव के बच्चों को आने वाले अगले नए शिक्षा सत्र से पहले नई स्कूल बिल्डिंग की सौगात मिलने वाली है। जिसके तहत यहां निगम द्वारा करीब पौने तीन करोड़ की लागत से दुर्गा माता मंदिर के सामने एकदम आधुनिक शैली में तीन मंजिला स्कूल इमारत का निर्माण किया जा रहा है। जहां क्षेत्र के 350 से ज्यादा बच्चों को आने वाले नए शिक्षा सत्र से नई स्कूल बिल्डिंग की सौगात मिलने वाली है। जबकि पहले हालत यह थी कि यहां चद्दर का सालों पुराना केवल ग्राउंड फ्लोर पर बना एक मंजिला स्कूल भवन था जहां बच्चे तीन से चार कमरों में बड़ी मुश्किल से बैठ पाते थे। यही नहीं क्षेत्र के छोटे बच्चों के लिए पहली से आठवीं तक के लिए यहां एक मात्र सालों पुराना शासकीय स्कूल भवन था। जहां इस पुराने स्कूल भवन में बच्चों के बैठने के लिए बेंचों की जगह जमीन पर टाट



पट्टी बिछाकर काम चलाना पड़ता था। हालांकि अब यहां क्षेत्रीय पार्षद राजीव जैन और विधायक महेंद्र हार्डिया के प्रयासों से सालों बाद नई स्कूल बिल्डिंग की सौगात मिलने वाली है। जिसका वर्तमान में निर्माण कार्य तेजी के साथ चल रहा है।

**तीन मंजिला नवीन स्कूल इमारत में हो रहें 13 से 14 कमरें तैयार–** वहीं खास बात यह है कि वार्ड क्रमांक 50 से जुड़े पिपलियाना ग्रामीण क्षेत्र में छोटे बच्चों के लिए पहली बार नई आधुनिक शिक्षा नीति के तहत निगम द्वारा करीब पौने तीन करोड़ रुपए की लागत से तीन मंजिला आधुनिक शैली में नई स्कूल बिल्डिंग का निर्माण किया जा रहा है। जिसमें करीब 13 से 14 नए कमरें तैयार हो रहे हैं। जिनमें वर्तमान में रंगाई पुताई के साथ टाइल्स लगाने का काम तेजी के साथ चल रहा है। क्षेत्रीय पार्षद राजीव जैन का कहना है कि आने वाले दिनों में बेहद जल्द गर्मी की छुट्टियों के बाद नए शिक्षा सत्र शुरू होने से पहले हमारा प्रयास है कि यहां तैयार हो रही नई स्कूल बिल्डिंग में 350 से ज्यादा बच्चें अपनी अगली क्लास की पढ़ाई नई तैयार इमारत में आसानी से कर सकेंगे। जिसको लेकर हम लगातार निगम अफसरों से संपर्क कर जल्द स्कूल बिल्डिंग का काम पूरा करवाने के प्रयास कर रहें है ताकि क्षेत्र के गरीब मध्यवर्गीय जरूरत मंद बच्चें निजी स्कूल में महंगी फीस भरने के बजाय कम फीस में नई सरकारी स्कूल बिल्डिंग में पढ़ाई कर सके। जहां आने वाले दिनों में आधुनिक शैली में शिक्षा स्मार्ट क्लास रूम में प्रोजेक्टर की मदद से बच्चों को मिलने वाली है। इसको लेकर हम सामाजिक संस्थाओं और दानदाताओं के सहयोग से भी यहां बच्चों के लिए लैब और कम्प्यूटर की सौगात भी दिलाने के प्रयास करेंगे।

# नई लंबी चौड़ी सड़क निर्माण के बाद अब है फुटपाथ की बारी

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** महाराजा यशवंत राव (एमवाय) हॉस्पिटल के सामने पिछले दिनों नई लंबी चौड़ी सीमेंटेड सड़क तैयार होने के बाद अब निगम द्वारा इस मार्ग पर राहगीरों के चलने के लिए नवीन फुटपाथ निर्माण की तैयारी शुरू कर दी गई है। जिसके लिए निगम द्वारा नवीन फुटपाथ निर्माण की प्रक्रिया के तहत दूसरी बार निविदा जारी की गई है। जिसके अनुसार निगम यहां लाखों रुपए खर्च कर पैदल चलने वालों के लिए बेहद जल्द फुटपाथ का निर्माण शुरू करेगा ताकि लोग फुटपाथ पर आसानी से चल सकेंगे। जबकि वर्तमान में शहर में कहीं भी फुटपाथ सुरक्षित नहीं बचें है। हालत यह है कि मुख्य सड़क के साथ प्रमुख बाजारों के फुटपाथ पर कहीं ठेलें वालों का तो कहीं आसपास के दुकानदारों ने कब्जा जमा रखा है।ऐसे में पैदल चलने वालों के लिए फुटपाथ पर जगह बचती नहीं है और मजबूरी में उन्हें सड़क पर चलना पड़ता है।

बड़ी बात यह है कि वर्तमान में निगम द्वारा छावनी क्षेत्र से लेकर जावरा कमपाउंड तक ज्यादातर जगह नई सड़कों का निर्माण कर सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। जिसके तहत पहले चरण में जहां टेंपो स्टैंड से लेकर आरएनटी मार्ग लक्ष्मी नारायण दूध वाला तक नवीन सड़क का निर्माण कार्य किया जा रहा है। जिसमें वर्तमान में आधी से ज्यादा सड़क बनकर तैयार भी हो चुकी है। वहीं इसके अलावा एम्पायर हाउस के सामने से लेकर जगदाले स्कूल, फैमिली कोर्ट तक नई सड़क का निर्माण किया जा रहा है। इसके साथ ही पॉश कालोनी जावरा कंपाउंड से जुड़ी विभिन्न गलियों में भी इन दिनों सड़क निर्माण का कार्य तेजी के साथ चल रहा है। वही अब निगम ने एमवाय हॉस्पिटल चौराहे के सामने से लेकर टेंपो स्टैंड सुलभ शौचालय तक सड़क के दोनों ओर फुटपाथ बनाने को लेकर भी तैयारी शुरू कर दी है। इसके तहत आने वाले दिनों में इस मार्ग के बड़े हिस्से में सड़क के दोनों ओर पैदल चलने वालों के लिए भी फुटपाथ की सौगात मिलने वाली है।

## संपादकीय

# सार्वजनिक स्थलों पर महिलाओं की गरिमा का होता हनन और एक कलाकार की दहाड़

यह दुखद ही है कि महिलाओं को तंग किए जाने पर सैंडलस को सुरक्षाकर्मियों से गुहार लगानी पड़ी, लेकिन उन्होंने गाने से इनकार कर न केवल महिलाओं के आत्मसम्मान का सवाल उठाया, बल्कि वैसे लोगों को भी आईना दिखाया, जो भीड़ का हिस्सा बन कर अभद्रता करते हैं। घर से लेकर कार्यस्थल तक और यहां तक कि सार्वजनिक जगहों पर भी कुछ लोग स्त्रियों की गरिमा और आत्मसम्मान को ठेस पहुंचाने से बाज नहीं आते। नैतिक और सामाजिक मूल्यों की इस गंभीर क्षति को रोकने का प्रयास कम ही दिखता है। मगर पिछले दिनों दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित संगीत कार्यक्रम में महिलाओं को परेशान किए जाने की घटना को पंजाबी गायिका जैस्मीन सैंडलस ने गंभीरता से लिया। गायिका ने अपना कार्यक्रम बीच में ही रोकते हुए कहा कि जब तक लड़कियां खुद को सुरक्षित महसूस नहीं करेंगी, वे नहीं गाएंगी। उनके इस कदम की सभी ने सराहना की। यह दुखद ही है कि महिलाओं को तंग किए जाने पर सैंडलस को सुरक्षाकर्मियों से गुहार लगानी पड़ी, लेकिन उन्होंने गाने से इनकार कर न केवल महिलाओं के आत्मसम्मान का सवाल उठाया, बल्कि वैसे लोगों को भी आईना दिखाया, जो भीड़ का हिस्सा बन कर अभद्रता करते हैं। सार्वजनिक स्थलों पर महिलाओं की सुरक्षा का दायित्व निश्चित तौर पर प्रशासन और पुलिसकर्मियों पर भी होता है। मगर सवाल है कि कौन होते हैं वे लोग, जिनसे महिलाओं को बचाने की जरूरत पड़ती है। क्या यह शर्मनाक नहीं है कि कुछ कुंठित पुरुषों की वजह से अमूमन हर जगह महिलाओं के सामने खुद को सुरक्षित रखने या बचाने का सवाल ही प्राथमिक होता है? आज भी अपने घर के आसपास, गली-मोहल्ले से लेकर सार्वजनिक परिवहन में यात्रा के दौरान महिलाओं को प्रायः अभद्रता का सामना करना पड़ता है। किसी संगीत कार्यक्रम में पहुंचे लोगों से उम्मीद की जाती है कि वहां वे महिलाओं या लड़कियों की गरिमा के साथ खिलवाड़ नहीं करेंगे। मगर दिल्ली के संगीत कार्यक्रम में पहुंचे कुछ लोगों को न तो महिलाओं के सम्मान की फिक्र थी, न ही खुद को असभ्य कहे जाने की। विडंबना यह है कि महिलाओं की गरिमा पर चोट पहुंचाते हुए देखने के बावजूद ज्यादातर लोग चुप रहना ही चुनते हैं। ऐसे में गायिका जैस्मीन सैंडलस ने महिलाओं की गरिमा के हक में और उनके उत्पीड़न के खिलाफ जो सशक्त प्रतिरोध दर्ज किया है, वह समूचे समाज के लिए एक सबक की तरह है।

## पुराने नोट और सिक्कों की प्रदर्शनी शुरू



**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** गांधी हॉल में आज से तीन दिवसीय मनी मेला शुरू हुआ। मेले में पुरातत्व सिक्के, नोट की प्रदर्शनी लगाई गई। लोगों ने इस प्रदर्शनी में जाकर पुराने सिक्के और नोट की जानकारी जुटाई।

# पुलिस ने बालक ढूंढ निकाला



**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** सदर बाजार पुलिस को साऊथ गाडराखेड़ी निवासी 19 वर्षीय बालक घर से बिना बताए कहीं चला गया, जिसके बाद परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने चंद घंटों में सीसीटीवी फुटेज खंगालकर बालक को बाणगंगा क्षेत्र से ढूंढ निकाला। बताया जा रहा है कि बालक मानसिक रूप से अस्वस्थ है।

# ट्रैक्टर से यातायात बाधित



**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** राजवाड़ा पर नगर निगम लिखा हुआ एक ट्रैक्टर इमली बाजार जाने वाले मार्ग पर बीच सड़क पर नजर आया। खास बात यह है कि यातायात पुलिस भी यही तैनात थी, लेकिन राहगीर इस ट्रैक्टर से परेशान नजर आए। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना था कि ट्रैक्टर चालक इसे खड़ा कर कहीं चला गया है।

**छाया : निलेश वर्मा**

# पेंटर की संदिग्ध मौत, पीलिया के बावजूद शराब पीने की लत बनी जानलेवा!

**इंदौर।** विजयनगर थाना क्षेत्र में एक 52 वर्षीय व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि अत्यधिक शराब के सेवन और बीमारी में लापरवाही बरतने के कारण शख्स की जान चली गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान प्रकाश पिता शिवरतन(52) के रूप में हुई है। प्रकाश मूल रूप से पेंटिंग का काम करते थे और विजयनगर इलाके में एक किराए का कमरा लेकर अकेले रहते थे। परिजनों ने बताया कि गुरुवार रात वे शराब पीकर सोए थे, लेकिन जब अगली सुबह काफी देर तक हलचल नहीं हुई, तो उन्हें जगाने की कोशिश की गई। कोई जवाब न मिलने पर पता चला कि उनकी मौत हो चुकी है। परिजनों ने खुलासा किया कि प्रकाश अविवाहित थे और लंबे समय से शराब पीने के आदी थे। करीब तीन महीने पहले उन्हें गंभीर पीलिया हुआ था। डॉक्टरों ने उन्हें शराब से पूरी तरह परहेज करने की सलाह दी थी, लेकिन इलाज के बाद भी उन्होंने अपनी आदत नहीं छोड़ी। इसी लापरवाही के कारण उनका लीवर डैमेज होने की आशंका जताई जा रही है, जिससे उनकी तबीयत लगातार बिगड़ती गई।

## सांई कृपा कॉलोनी में आज तोड़ेंगे बनता हुआ मकान

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** इंदौर नगर निगम की रिमूवल गैंग के द्वारा आज दोपहर में सांई कृपा कॉलोनी में एक बनाए जा रहे मकान को तोड़ा जाएगा। इस क्षेत्र के निगम के भवन अधिकारी टीना सिसोदिया ने बताया कि इस मकान में स्वीकृत भवन अनुज्ञा के विपरीत जाकर निर्माण किया जा रहा है। इस निर्माण को रोकने और हटाने के लिए निगम के द्वारा नोटिस दिए गए थे। इस नोटिस के बाद भी जब कोई परिणाम नहीं निकला तो फिर निगम के द्वारा रिमूवल का फैसला लिया गया। संबंधित पक्ष को निगम की ओर से नोटिस द्वारा यह सूचना दे दी गई है कि आज यहां पर अवैध निर्माण का रिमूवल किया जाएगा। इस कार्रवाई के लिए पुलिस बल भी मांगा गया है। जिला प्रशासन के अधिकारी भी मौके पर मौजूद रहेंगे। निगम के अधिकारियों ने बताया कि यह मकान उषा पति पवन कुमार सालेचा का है। इनके द्वारा नगर निगम से खुद के निवास के लिए मकान बनाने की अनुमति प्राप्त की गई थी। निगम से उन्होंने ग्राउंड फ्लोर और तीन फ्लोर का निर्माण करने की अनुमति ली थी। इस अनुमति के विपरीत जाकर मौके पर ग्राउंड फ्लोर के ऊपर चार फ्लोर बना ली गई है। इसके साथ ही खुद के आवास के नाम पर ली गई अनुमति में हॉस्टल का निर्माण किया जा रहा है। इस मकान पर दोनों तरफ जो खाली स्थान छोड़ा जाना चाहिए था वह स्थान खाली नहीं छोड़ते हुए उस पर भी निर्माण कर लिया गया है।

# किटी पार्टी के लिए पालक के पत्तों से बनाएं भरवां पकौड़े

*पालक के पकौड़े तो आपने घर में कई बार बनाए और खाए होंगे। इस बार आप पालक के पत्तों से भरवां पकौड़े बनाएं। इन्हें आप घर में होने वाली छोटी-मोटी पार्टी में भी सर्व कर सकती हैं।इन दिनों मार्केट में फ्रेश पालक मिल रहा है। इससे आप तरह-तरह की डिश बना सकते हैं। पालक पनीर से लेकर पालक की करी तो आपने कई बार बनाकर खायी होगी, लेकिन क्या कभी आपने पालक के पत्तों से बनाएं भरवां पकौड़े बनाए हैं। अगर नहीं तो आपको यह एक बार ट्राई करने चाहिए। पालक की सिंपल पकौड़ी से इनका स्वाद काफी अलग होता है। इन्हें आप घर में होने वाली किट्टी पार्टी में भी सर्व कर कती हैं।*

## इन चीजों की पड़ेगी जरूरत

### भरावन के लिए

3 मीडियम आलू उबले हुए
1 बारीक कटा प्याज
2 हरी मिर्च
1 छोटा चम्मच अदरक पेस्ट
2 बड़े चम्मच हरा धनिया
½ छोटा चम्मच लाल मिर्च पाउडर
½ छोटा चम्मच गरम मसाला
½ छोटा चम्मच भुना जीरा पाउडर
नमक स्वादानुसार
1 छोटा चम्मच नींबू रस

घोल तैयार करने के लिए
1 कप बेसन
2 बड़े चम्मच चावल का आटा
¼ छोटा चम्मच हल्दी पाउडर
½ छोटा चम्मच अजवाइन
नमक स्वादानुसार
पानी आवश्यकतानुसार
तलने के लिए तेल



## ये भी कर लें तैयारी

10-12 पालक के पत्ते धोकर सुखाए हुए
परोसने के लिए हरी चटनी
भरवां पालक पत्ता पकौड़ा रेसिपी

## स्टेप-1 भरावन तैयार करें

आलू में प्याज, हरी मिर्च, अदरक का पेस्ट, धनिया पत्ती, लाल मिर्च पाउडर, जीरा पाउडर, गरम मसाला, नींबू का रस और नमक डालें। आलू और सभी मसाले अच्छे से मिलाएं।

## स्टेप-2 घोल तैयार करें

एक कटोरे में बेसन, चावल का आटा, हल्दी, अजवाइन और नमक डालें। धीरे-धीरे पानी डालकर एक चिकना गाढ़ा घोल बना लें। इस बात का ख्याल रखें कि यह बहुत ज्यादा पतला न हो।

## स्टेप- 3 पालक में भरावन भरें

एक पालक का पत्ता लें, उसमें आलू की भराई भरें और धीरे से मोड़ दें। सभी पत्तों के लिए यही प्रक्रिया दोहराएं।

## स्टेप-4 पकौड़ों को तलें

अब आपको कढ़ाई में तेल गर्म करना है। भरे हुए पत्ते को बेसन के घोल में डुबोकर अच्छी तरह से लपेट लें। फिर इन्हें तेल में डालकर सुनहरा और कुरकुरा होने तक तलें।

आपके स्वादिष्ट पकौड़े बनकर तैयार हैं अब आप इन्हें गर्मागर्म हरी या इमली की चटनी के साथ परोसें

# स्कूलों को परिणाम के पहले वेबसाइट और बोर्ड पर लगाना होगी सूची

## ड्रेस और कापी-किताब के लिए नहीं कर सकेंगे बाध्य

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। कलेक्टर शिवम वर्मा ने स्कूल संचालकों, प्रकाशकों एवं विक्रेताओं की एकाधिकारी प्रवृत्ति को खत्म करने तथा लोक प्रशान्ति विक्षुब्ध होने से रोकने हेतु प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। जारी आदेशानुसार विद्यालय संचालक/प्राचार्य स्कूल में संचालित प्रत्येक कक्षा के लिये अनिवार्य पुस्तकों की सूची विद्यालय का परीक्षा परिणाम जारी होने के पूर्व ही अपने स्कूल की वेबसाइट पर अनिवार्य रूप से अपलोड करेंगे एवं विद्यालयीन परिसर में सार्वजनिक पटल/स्थान पर चस्पा करेंगे। विद्यालय संचालक/प्राचार्य द्वारा विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को पुस्तकें एवं कापियां, सम्पूर्ण यूनिफार्म आदि सम्बन्धित स्कूल/संस्था अथवा किसी एक दुकान/विक्रेता/संस्था विशेष से क्रय किये जाने हेतु बाध्य नहीं किया जायेगा। मान्यता नियमों के अन्तर्गत स्कूल की स्वयं की वेबसाइट होना अनिवार्य है। स्कूल के प्राचार्य / संचालक पुस्तकों की सूची की एक प्रति प्रवेशित अभिभावकों को प्रवेश के समय एवं परीक्षा परिणाम के समय आवश्यक रूप से उपलब्ध करायेंगे एवं कम से कम 3 पुस्तक/यूनिफार्म विक्रेताओं का नाम सत्र प्रारंभ होने के 2 माह पूर्व वेबसाईट पर अपलोड करवाना सुनिश्चित करेंगे। अभिभावक पुस्तकों की उपलब्धता के आधार पर 15 जून तक क्रय कर सकेंगे। कोई भी विद्यालय दो से अधिक प्रकार की यूनिफार्म निर्धारित नहीं करेगा। ब्लेजर/स्वेटर इसके अतिरिक्त होगा। विद्यालय प्रशासन द्वारा यूनिफार्म का निर्धारण इस प्रकार किया जायेगा कि कम से कम 3 वर्ष तक उसमें परिवर्तन न हो। यह आदेश 12 फरवरी से 11 अप्रैल 2026 तक की अवधि में प्रभावशील रहेगा। जिले के समस्त विद्यालय अपने नोटिस बोर्ड पर उक्त सूचना चस्पा करेंगे। विद्यालय के प्राचार्य उक्त आदेशों की जानकारी प्रबन्धक की प्रथम बैठक में सविस्तार रखना सुनिश्चित करेंगे।

# कुष्ठ रोगी खोज अभियान जारी

## नये रोगियों का तुरंत उपचार किया जाएगा

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** इंदौर जिले में कुष्ठ रोगी खोज अभियान आगामी 5 मार्च तक चलेगा। अभियान के तहत जिले में करीब 1425 दल बनाये गये है, जो घर-घर जाकर कुष्ठ रोग की जानकारी देंगे। इस अभियान में संभावित रोगी की सूची तैयार कर नजदीक के स्वास्थ्य केन्द्र पर जाँच करायेंगे। जाँच उपरांत सत्यापित नये रोगियों का उपचार शासकीय स्वास्थ्य संस्था में किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव प्रसाद हासानी ने बताया कि वर्तमान में इंदौर जिले में 540 कुष्ठ रोग के मरीजों का उपचार किया जा रहा है। इसकी प्रभाव दर 1.42 प्रचलित है। अभियान के तहत प्रत्येक दल में संबंधित क्षेत्र की आशा कार्यकर्ता के साथ पुरुष स्वयंसेवी कार्यकर्ता की ड्यूटी लगाई गई है, जो जिले के स्लम एवं हाइरिस्क क्षेत्रों में भी घर-घर जाकर नये कुष्ठ रोगियों की खोज करेगी, ग्राम एवं वार्ड स्तर पर दल गठित किए गए है। सभी दलों का प्रशिक्षण सम्पन्न हो चुका है।

# अनुकंपा नियुक्ति के लंबित प्रकरणों को लेकर बैठक

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशानुसार कलेक्टर कार्यालय में अनुकम्पा नियुक्ति के प्रकरणों के निराकरण को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में संयुक्त कलेक्टर कल्याणी पांडे ने विभिन्न विभागों में तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के रिक्त पदों की समीक्षा की। बैठक में बताया गया कि किसी शासकीय सेवक की सेवा काल में मृत्यु होने पर उनके आश्रित एक सदस्य को नियुक्ति दी जाएगी। मृतक शासकीय सेवक के आश्रित पति/पत्नी द्वारा योग्यता न रखने अथवा स्वयं अनुकम्पा नियुक्ति न लेना चाहे तो उसके नामांकित पुत्र या अविवाहित पुत्री को दी जा सकती है। ऐसी विधवा अथवा तलाकशुदा पुत्री, जो दिवंगत शासकीय सेवक की मृत्यु के समय उस पर पूर्णतः आश्रित होकर उसके साथ रह रही हो अथवा उपरोक्त



पात्र सदस्य न होने की स्थिति में विधवा पुत्रवधु जो शासकीय सेवक की मृत्यु के समय उस पर पूर्णतः आश्रित होकर उनके साथ रह रही हो। बैठक में संयुक्त कलेक्टर कल्याणी पांडे ने सभी विभागों के संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे रिक्त पदों की जानकारी उपलब्ध करायें, ताकि पात्र व्यक्ति को अनुकंपा नियुक्ति दी जा सकें।

# विभागीय जांच में शिकायतकर्ता को अंतिम अवसर

## संभागायुक्त ने साक्ष्य देने हेतु अनिवार्य उपस्थिति के दिए निर्देश

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े द्वारा पराग जैन, राप्रसे, तत्कालीन अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मल्हारगंज, जिला इन्दौर, वर्तमान में जिला नीमच के संबंध में प्रचलित विभागीय जांच प्रकरण में शिकायतकर्ता ग्राम छोटा बांगड़दा निवासी गणेश प्रसाद शुक्ला को साक्ष्य हेतु उपस्थित होने के निर्देश जारी किये गये हैं। जारी सूचना के अनुसार शिकायतकर्ता को पूर्व में कई बार सूचना-पत्र प्रेषित किये जाने के बावजूद अब तक उपस्थित नहीं होने के कारण अंतिम अवसर प्रदान किया गया है। निर्देशानुसार शुक्ला को 25 फरवरी बुधवार को प्रातः 11:30 बजे जांच अधिकारी के समक्ष आयुक्त कार्यालय, इन्दौर संभाग, मोती बंगला परिसर (गांधी हाल), इन्दौर में अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य प्रस्तुत करना होगा। सूचना में स्पष्ट किया गया है कि निर्धारित दिनांक एवं समय पर अनुपस्थित रहने की स्थिति में साक्ष्य प्रस्तुत करने का अवसर समाप्त मान लिया जाएगा।

# 1 लाख 23 हजार रुपए की मदिरा और वाहन जब्त

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** कंट्रोलर श्री देवेश चतुर्वेदी एवं डिप्टी कंट्रोलर मनोज अग्रवाल तथा सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्री राघवेंद्र सिंह कुशवाह के नेतृत्व में वृत्त-पलासिया प्रभारी प्रियंका रानी चौरसिया की टीम के द्वारा गश्त के दौरान नवलखा रोड से अवैध मदिरा परिवहन पर प्रभावी कार्यवाही की गई। कार्यवाही में एक दोपहिया वाहन टीवीएस ई-20 जूपिटर स्कूटर से अवैध मदिरा परिवहन कर ले जाई जा रही काले बड़े बैग और गाड़ी की डिक्की में 150 पाव देशी मसाला मदिरा एवं 100 पाव देशी प्लेन मदिरा सहित कुल 250 पाव देशी मदिरा (कुल 45 बल्क लीटर) बरामद की गई। बरामद मदिरा को वाहन सहित जब्त कर आरोपी सुमित पिता राधेश्याम चौकसे निवासी पीथमपुर सिटी होम्स कॉलोनी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)क के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। मदिरा व वाहन का कुल बाज़ार मूल्य लगभग 1 लाख 23 हजार 400 रुपए है। प्रकरण में विवेचना जारी है। कार्यवाही में आबकारी आरक्षक अजय चंद्रवाल, तरुण सिंह जाट, परमजीत कौर का सराहनीय योगदान रहा।



## इंडिया-पाकिस्तान के हाई वोल्टेज मैच का बेसब्री से इंतजार

**नई दिल्ली।** इंडिया-पाकिस्तान के हाई वोल्टेज मैच का बेसब्री से इंतजार कर रहे फैंस के लिए एक राहत की बात है। दरअसल टी20 वर्ल्ड कप से जुड़े झगड़े इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के बीच बातचीत के बाद सुलझ गए हैं । लेकिन इमोशंस और दुश्मनी के अलावा एक बड़ा सवाल बना हुआ है कि आखिर इंडिया-पाकिस्तान मैच से कितनी कमाई होती है. आइए जानते हैं । 2026 की शुरुआत के इंडस्ट्री के अनुमानों के मुताबिक एक इंडिया पाकिस्तान मैच की कुल कमर्शियल वैल्यू 2200 करोड़ और 4500 करोड़ के बीच हो सकती है।

## अभिषेक शर्मा के पाकिस्तान के खिलाफ मैच खेलने पर अनिश्चितता

**नई दिल्ली।** भारत के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा को अस्पताल से छुट्टी जरूर मिल गई है, लेकिन 15 फरवरी को कोलंबो में पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले महत्वपूर्ण टी20 विश्व कप ग्रुप मुकाबले में उनके खेलने को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। बीमार होने की वजह से अभिषेक शर्मा दिल्ली में नामीबिया के खिलाफ गुरुवार 12 फरवरी की रात को खेले गए मैच में भी उपलब्ध नहीं थे। उनकी जगह संजू सैमसन ने पारी की शुरुआत की थी। पेट के संक्रमण से जुड़ी समस्या से जूझ रहे अभिषेक शर्मा को तेज बुखार और पेट दर्द की शिकायत के बाद दो दिन के लिए अस्पताल में भर्ती होना पड़ा था।


### इन्दौर नगर पालिक निगम

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **हर्षिता हिरोले तनूज खलदकर** पता 412 स्नेहलतागंज 405 अनुकूल अपार्टमेंट इन्दौर झोन क्र. 03 वार्ड 56 राजस्व विभाग पर पिन नं. 1000885604 पर आवेदन प्रस्तुत कर दर्ज नाम पर सम्पत्ति का नामांतरण चाहा गया है।

इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति के नामांतरण पर आपत्ति हो तो झोन क्र.03 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**झोन क्रं. 03**
**इन्दौर नगर निगम इन्दौर**

### इन्दौर नगर पालिक निगम

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **जाफर अली पिता अब्दुल शकूर अंसारी** पता 51/1-ए स्नेहलतागंज इन्दौर झोन क्र. 03 वार्ड 56 राजस्व विभाग पर पिन नं. 1000885274 पर आवेदन प्रस्तुत कर दर्ज नाम पर सम्पत्ति का नामांतरण चाहा गया है।

इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति के नामांतरण पर आपत्ति हो तो झोन क्र.03 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**झोन क्रं. 03**
**इन्दौर नगर निगम इन्दौर**

### इन्दौर नगर पालिक निगम
**राजेन्द्र धारकर झोन-14**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **1.श्री नीलेश गौड़ पिता सतीश गौड़ 2.श्रीमती पूजा गौड पति सतीश गौड** द्वारा झोन 14 राजस्व विभाग पर आवेदन प्रस्तुत कर मकान/भूखंड नम्बर 09 पैकी उत्तर का भाग श्रीराम नगर इन्दौर पिन नं. 1003094406 क़ा भाग सम्पत्ति का नामांतरण चाहा गया है।

यह सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति पर आपत्ति हो तो झोन क्र.14 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**राजेन्द्र धारकर झोन-14**
**इन्दौर नगर निगम इन्दौर**

### न्यायालय नायब तहसीलदार तहसील जूनी इन्दौर जिला इन्दौर म.प्र.

क्र./रीडर/2026 इन्दौर दि. 12/01/2025

प्रकरण क्रमांक 1169/अ-6/2025-2026

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक मेसर्स सर्वमंगला देवकान एलएलपी पता फ्लेट नम्बर 302 अर्पित अपार्टमेन्ट 34 जानकी नगर मेन इन्दौर तर्फे भागीदार श्री रोहित शिवहरे पिता श्री हरिओम शिवहरे निवासी 154 श्रीकृष्ण एवेन्यु फेज-1 पानी की टंकी के पास लिम्बोदी इन्दौर श्री महेन्द्र कुमार शर्मा पिता श्री सीताराम शर्मा निवासी फ्लेट नम्बर 403 अगर पैलेस 9 मां दुर्गा नगर इन्दौर, श्रीमती ज्योति पति श्री प्रणय कुमार चौधरी निवासी 188 स्कीम नम्बर 140 पंजाब नेशनल बैंक के सामने इन्दौर, श्रीमती रजनी शिवहरे पति श्री हरिओम शिवहरे निवासी-203 अर्पित अपार्टमेन्ट 3 ए जानकी नगर इन्दौर हालमुकाम ग्राम लसूडियामोरी तहसील जूनी इन्दौर जिला इन्दौर मोबाईल नम्बर 9826093834 द्वारा म. प्र. भू राजस्व संहिता की धारा 109, 110 के तहत् राजस्व ग्राम लसूडियामोरी स्थित सर्वे नम्बर 310/1, 311, 310/3/6/मिन-1 पर स्थित 'शिव वाटिका कॉलोनी में स्थित भू-भाग/भूखण्ड क्र.07 कुल क्षेत्रफल 1008 वर्गमीटर अर्थात 10850 वर्गफीट पर भूमि का रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक एम.पी 179142024ए 11009012 का निष्पादित दिनांक 08/08/2024 के माध्यम से प्रतिप्रार्थीनी मेसर्स सत्यम रियल मार्ट पता 130 संतराम सिनवी कॉलोनी उज्जैन तर्फे भागीदार श्री ईश्वर माखीजा पिता श्री बुलचनद माखीजा निवासी-48-सांईबाग कॉलोनी खण्डवा रोड ग्राम लिम्बोदी जिला इन्दौर, श्री नीरज माखीजा पिता श्री ओमप्रकाश माखीजा, श्री चेतन केवलानी पिता श्री मेघराज केवलानी निवासी 52 बी-130 संतराम सिन्धी कॉलोनी उज्जैन म.प्र. से क्रय किये जाने के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया।

इस संबंध में किसी संस्था व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो यह अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में नियत दिनांक 28/02/2026 के अंदर स्वयं अपर तहसीलदार न्यायालय बोर्ड कक्ष क्रमांक 115 पर समय 02: 30 बजे तक उपस्थित होकर गय प्रमाण के प्रस्तुत कर सकता है। बाद मियाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 12/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रा से जारी।

**अपर तहसीलदार**
**तहसील जूनी इन्दौर**

# मप्र को मिले दो नए कैटेगरी-1 नेशनल रेफरी





**इन्दौर।** उत्तरप्रदेश के मोदीनगर में चल रही राष्ट्रीय यूथ, जूनियर एवं सीनियर प्रतियोगिता के तहत हुई राष्ट्रीय निर्णायक की केटेगरी-1 (प्रथम श्रेणी) की परीक्षा में इंदौर के दो निर्णायकों ने सफलता प्राप्त की। संघ के अध्यक्ष दविंदर सिंह खनूजा ने बताया कि मध्य प्रदेश के श्री धर्मेंद्र पालीवाल (इंदौर) व श्री संजीव राजदान (इंदौर) ने राष्ट्रीय निर्णायक कैटेगरी-1 (प्रथम श्रेणी) की परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है । इन दोनों की इस उपलब्धि ने राष्ट्रीय स्तर पर मध्य प्रदेश का मान बढ़ाया है। अब ये दोनों विशेषज्ञ आगामी राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में मुख्य निर्णायक की भूमिका निभाने हेतु पात्र होंगे। इनकी इस उपलब्धी पर म.प्र. ओलिंपिक संघ के अध्यक्ष रमेश मेंदोला, सी बी होलकर, डॉक्टर शरद नागर, दविंदर सिंह खनूजा, विमल प्रजापत, रुबिका देवान, सत्यनारायण वारिया, आरिफ़ खान, नरेंद्र पाटीदार, शैलेन्द्र जोशी, सुनील पाटीदार ने बधाई दी।

## जयेश भारतीय पैरा टीमों के दल प्रमुख एवं प्रशिक्षक नियुक्त



**इन्दौर।** भारतीय टेबल टेनिस महासंघ द्वारा मध्य प्रदेश के जयेश आचार्य को आई.टी.टी.एफ. विश्व पैरा फ्यूचर गोल्ड कोस्ट 2026 गोल्ड कोस्ट आस्ट्रेलिया स्पर्धा में भाग लेने वाली भारतीय पैरा टेबल टेनिस टीम दल प्रमुख तथा प्रशिक्षक नियुक्त किया है। आई.टी.टी.एफ. विश्व पैरा फयूचर गोल्ड कोस्ट 2026 में 16 से 18 फरवरी 2026 तक खेली जायेगी। ओलिंपिक रजत पदक विजेता और वर्तमान विश्व की द्वितीय वरियता क्रम की खिलाडी भाविना पटेल, आलिंपियन सोनल पटेल तथा एशियन गेम्स पदक विजेता संदीप डांगी की अगुवाई में उक्त स्पर्धा में भारत का 23 सदस्यीय दल भाग लेगा। उक्त जानकारी देते हुए भारतीय टेबल टेनिस महासंघ की मिडिया समिति के चेयरमेन ओम सोनी ने बताया कि जयेश पूर्व में भी अंतरराष्ट्रीय स्पर्धाओं में विभिन्न जिम्मेदारियों का निर्वहन कर चुके है। पैरा टेबल टेनिस संघ महासचिव प्रमोद गंगराडे ने बताया सहयोगी प्रशिक्षक के रुप में कर्नाटक के कृणाल तेलंग होंगे। फिजियोथेरेपिस्ट पवन कारपेंटर तथा वैभवी लपालीकर भी दल का हिस्सा रहेंगें। भारतीय टीम 14 फरवरी को मुंबई से रवाना होगीं। जयेश आचार्य के मनोनयन पर ओम सोनी, नरेन्द्र कौशिक, प्रमोद सोनी, रिंकु आचार्य, प्रमोद गंगराड़े, अमित कोटिया, नीलेश वेद, गौरव पटेल तथा प्रतीक जैन ने हर्ष व्यक्त करते हुये शुभकामनायें दी।

## श्रीराम स्पोट्स की शानदार जीत



**इंदौर।** आईडीसीए के तत्वावधान में एमवायसीसी द्वारा आयोजित एमवायसीसी ए ग्रेड एक दिवसीय स्पर्धा जो कि सफेद बॉल एवं रंगीन ड्रेस में खेली जा रही है उसके अंतर्गत श्रीराम स्पोर्टस एवं एमबीसीए के मध्य मैच खेला गया जिसमें एमबीसीए ने पहले खेलते हुए 50 ओवरो में 9 विकेट खोकर 172 रन बनाये। गौरव शर्मा ने 107 रन बनाये। निलेश जाघव ने 3 विकेट लिये। जवाब में श्रीराम स्पोर्टस ने 33 ओरो में 7 विकेट खोकर 176 रन बनाकर यह मैच 3 विकेट से जीत लिया । अंशुल त्रिपाठी ने सर्वाधिक 66 रन बनाये। राहुल खरे व विनय शर्मा ने 3-3 विकेट लिये।

# पाक से भिड़ंत से पहले सामने आई कई खामियां



**नई दिल्ली।** भारतीय टीम ने टी20 विश्व कप 2026 के अपने दूसरे मुकाबले में नामीबिया के खिलाफ 93 रनों के बड़े अंतर से हराया। पहले खेलते हुए भारत ने 209 रन बनाए। नामीबिया ने जोरदार शुरुआत की लेकिन इसके बाद भी टीम 116 रनों पर सिमट गई। 15 फरवरी को भारत का मुकाबला पाकिस्तान से है। उससे पहले टीम इंडिया की कई कमजोरियां सामने आई हैं।

मिडिल ओवर में भारत की बल्लेबाज नामीबिया की स्पिन गेंदबाजी के खिलाफ जूझती हुई दिखी। नामीबिया के कप्तान गेरहार्ड इरास्मस ने 4 ओवर में 20 रन देकर 4 विकेट लिए। बेर्नार्ड स्कोल्ट्ज ने अपने शुरुआत तीन ओवर में सिर्फ 18 रन दिए थे। 16 ओवर के बाद भारत का स्कोर 4 विकेट पर 184 रन था। टीम आसानी से 225 के पार पहुंचती दिख रही लेकिन 209 रन ही बना सकी। आखिरी चार ओवर में भारत ने सिर्फ 25 रन बनाए और 5 विकेट गिर गए। पाकिस्तान के खिलाफ ऐसे स्थिति हुई तो परेशानी हो सकती है।

अर्शदीप सिंह टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज हैं। इस मैच में उनका प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा। अर्शदीप ने 3 ओवर में 36 रन खर्च कर दिए। नामीबिया के बल्लेबाजों ने उनके खिलाफ आसानी से रन बनाए।

# जीत के बाद कप्तान सूर्यकुमार ने नामीबिया टीम की तारीफ की



**नई दिल्ली।** सूर्यकमार यादव की अगुवाई वाली टीम इंडिया ने टी20 वर्ल्ड कप 2026 के ग्रुप ए मैच में नामीबिया को 93 रनों से करारी शिकस्त दी। भारत ने दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में 9 विकेट पर 209 रन बनाए। जवाब में नामीबिया की टीम 18.2 ओवर में 116 रनों पर सिमट गई। भारत ने टी20 वर्ल्ड कप में रनों के लिहाज से अपनी सबसे बड़ी जीत हासिल की है। ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए। उन्होंने फिफ्टी (28 गेंदों में 52) जड़ने के अलावा दो विकेट चटकाए। ओपनर ईशान किशन (24 गेंदों में 61) ने भी आतिशी अर्धशतक जमाया। ऐतिहासिक जीत के बावजूद सूर्या ने नामीबिया की तारीफ की है। दरअसल, तूफानी शुरुआत के बावजूद भारत ने 12वें तक 124 रन पर 4 विकेट गंवा दिए थे। सूर्या का कहना है कि एक समय लगा था कि हम 240 प्लस स्कोर बनाएंगे लेकिन नामीबिया के बॉलर्स ने अच्छी गेंदबाजी की। सूर्या के बल्ले से 13 गेंदों में 12 रन निकले।

सूर्यकुमार ने नामीबिया को रौंदने के बाद कहा, मुझे लगता है कि यह सभी के लिए अच्छा मैच रहा। बैटिंग के लिए पिच आसान नहीं थी। हालांकि, जिस तरह से ईशान और संजू ने शुरुआत की, उससे लगा नहीं कि मुश्किल विकेट है। दो-तीन जल्दी विकेट गिरने के बाद शिवम और हार्दिक के बीच पार्टनरशिप शानदार पार्टनरशिप हुई। बॉल थोड़ी रुक कर आ रही थी लेकिन मैं नामीबिया के बॉलर्स से क्रेडिट नहीं लेना चाहता। उन्होंने वाकई बहुत अच्छी बॉलिंग की। उनके पास अपने प्लान थे, जिसपर बहुत अच्छे से अमल किया। उनकी बॉलिंग ने प्रभावित किया। 6-7 ओवर के बाद लगा कि हम 240, 250 के पार जा सकते हैं लेकिन क्रिकेट हमेशा संतुलन बना देता है। हमने दो-तीन जल्दी विकेट खो दिए लेकिन फिर एक अच्छी पार्टनरशिप हुई और आखिर में अच्छा फिनिश भी हुआ।

### सूर्यकुमार ने पढ़ा हार्दिक का कसीदा

उन्होंने आगे कहा, जसप्रीत बुमराह ने अपने कोट के चार ओवर डाले, जो सकारात्मक बाता है। उनका टीम में वापस आना अच्छा है। वह अगले मैच के लिए भी पूरी तरह तैयार हैं। वरुण चक्रवर्ती, अक्षर पटेल के साथ पार्टनरशिप में अच्छी बॉलिंग करते हैं। भारतीय कप्तान ने हार्दिक की प्रशंसा करते हुए कहा, '' वह नई बॉल से, पुरानी बॉल से और जब भी जरूरत होती है डेथ ओवर में भी बॉलिंग करते हैं। उनकी बैटिंग एक बड़ा बूस्ट है। वह पॉजिटिव माइंडसेट के साथ आए और प्लेयर ऑफ द मैच बने। यह टीम के लिए अच्छी बात है। हर मैच अहम है। हमारी शुरुआत थोड़ी खराब थी लेकिन अब हम सही रास्ते पर हैं। लगातार दो जीत दर्ज करने वाली भारतीय टीम को टूर्नामेंट में अपने अगले मैच में चिर प्रतिद्वंद्वी से भिड़ना है। यह मुकाबला 15 फरवरी को कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में आयोजित होगा।

## टी20 वर्ल्ड कप में लगातार 10 मैच जीतने वाली पहली टीम बना भारत

**नई दिल्ली।** आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2026 में अब तक भारत ने दो मुकाबले खेले और दोनों में जीत दर्ज की। अमेरिका के खिलाफ 32 तो नामीबिया के खिलाफ भारत ने 93 रन से जीत हासिल की। अब 15 फरवरी यानी रविवार को टीम इंडिया का सामना पाकिस्तान से होने वाला है। इस हाई वोल्टेज मुकाबले के लिए हर कोई बेसब्री से इंतजार कर रहा है। कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में यह मैच होने वाला है। हालांकि, पाकिस्तान के साथ मुकाबले से पहले भारत के नाम एक बड़ा रिकॉर्ड हो गया है।नामीबिया के खिलाफ भारत की टी20 वर्ल्ड कप में यह लगातार 10वीं जीत थी। 2024 से 2026 तक विश्व कप में भारत एक भी मैच नहीं हारा है। भारत पहला देश बन गया है, जिन्होंने टी20 वर्ल्ड कप में लगातार 10 मैच जीते हैं। इससे पहले संयुक्त रूप से यह रिकॉर्ड साउथ अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के नाम था, जिन्होंने लगातार 8-8 मुकाबले जीते थे।

### टी20 वर्ल्ड कप में लगातार सबसे ज्यादा मैच जीतने वाली टीमें

भारत- 10* (2024-2026)
साउथ अफ्रीका- 8 (2024)
ऑस्ट्रेलिया- 8 (2022-2024)
इंग्लैंड-7 (2010-2012)
भारत- 7 (2012-2014)

## हार्दिक से मिलने स्टेडियम में कूदा फैंन

**नई दिल्ली।** टी-20 विश्व कप 2026 में भारत अपना दूसरा मुकाबला नामीबिया से खेला। टीम इंडिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 209 रनों का स्कोर किया, जिसके जवाब में नामीबिया की टीम कुछ खास नहीं कर पाई। भारतीय टीम जब गेंदबाजी कर रही थी उस दौरान एक ऐसा घटनाक्रम देखने को मिला जो क्रिकेट के मैदान पर बहुत कम होता है। दरअसल, हार्दिक पांड्या पारी का 18 वां ओवर फेंकने की तैयारी में थे तभी दर्शक दीर्घा से एक फैन हार्दिक के पास पहुंच गया। मैच में थोड़ी देर का व्यवधान भी हुआ। हार्दिक पांड्या खुद आश्चर्य में थे, लेकिन अंत में सुरक्षा के जवानों ने उस फैन को अपने हवाले कर लिया और मैच दोबारा शुरू हुआ। यह घटना दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में हुई, जहां भारत बनाम नामीबिया का मुकाबला खेला जा रहा है।

# सुपर ओवर में आरबीसीएफ की शानदार जीत



**इंदौर।** आईडीसीए के तत्वावधान में अपेक्स क्लब द्वारा आयोजित अंडर-13 क्रिकेट स्पर्धा के अंतर्गत आरबीसीएफ एवं एमकेसीसी के मध्य मैच खेला गया जिसमें आरबीसीएफ ने पहले खेलते हुए 31 ओवरों में सभी विकेट खोकर 137 बनाये। प्रत्युश यादव ने 53 रन बनाए। आदर्श तिवारी ने 4 विकेट लिए। जवाब में एमकेसीसी ने भी 32 ओवरों में सभी विकेट खोकर 137 रन बना लिये और यह मैच टाई हो गया। रिघान राठार ने घातक गेंदबाजी करते हुए 13 रन देकर 5 विकेट लिए। मैच के परिणाम के लिये सुपर ओवर का सहारा लिया गया जिसमें आरबीसीएफ ने बाजी मार ली और यह मैच जीतकर अगले दौर में प्रवेश किया।

### एमवायसीसी की आसान जीत





इसी स्पर्धा के अंतर्गत एक अन्य मैच एमवायसीसी एवं महू स्पोटस के मध्य खेला गया जिसमें महू स्पोटस ने पहले खेलते हुए 26 ओवरो में सभी विकेट खोकर 93 रन बनाये। कुंज ओझा ने घातक गेंदबाजी करते हुए 18 रन देकर 5 विकेट लिए। जवाब में एमवायसीसी ने 16 ओवरों में 2 विकेट खोकर 94 रन बना लिये और यह मैच 8 विकेट से जीत लिया। प्रीत चौपरा ने सर्वाधिक नाबाद 51 रन बनाए।

**नायर क्रिकेट एकेडमी की धमाकेदार जीत-** इसी स्पर्धा के अंतर्गत एक अन्य मैच एनसीए एवं जय गिरनारी के मध्य खेला गया जिसमें जय गिरनारी ने पहले खेलते हुए 41 ओवरो में सभी विकेट खोकर 155 रन बनाए। माहिर कछवाह ने 34 रन बनाएं। अथर्व जायसवाल ने 4 विकेट लिए। जवाब में एनसीए ने 31 ओवरो में 1 विकेट खोकर 158 रन बनाकर यह मैच 9 विकेट से जीत लिया। जयदीप राठौर ने नाबाद 87 रन बनाए।

**स्टार क्लब की शानदार जीत-** इसी स्पर्धा के अंतर्गत एक अन्य मैच स्टार क्लब एवं एसबीसीए के मध्य मैच खेला गया जिसमें एसबीसीए ने पहले खेलते हुए 24 ओवरो में सभी विकेट खोकर 52 रन बनाये। अविरल बजाज ने 3 विकेट एवं अर्नव, प्रज्जवल एवं अमोघ ने 2-2 विकेट लिए। जवाब में स्टार क्लब ने 12 ओवरो में 3 विकेट खोकर 54 रन बना लिए और यह मैच 7 विकेट से जीत लिया। युवराज ने नाबाद 25 रन बनाये।

# नशे में धुत बस चालक को दबोचा, रसूखदारों के फोन घनघनाते रहे पर टीआई ने नहीं छोड़ी बस

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

धार रोड पर चंदन नगर पुलिस की सजगता से गुरुवार रात एक भीषण सड़क हादसा टल गया। पुलिस ने चेकिंग के दौरान अहमदाबाद जा रही एक निजी ट्रेवल्स की बस के चालक को अत्यधिक नशे की हालत में पकड़ा। इस दौरान पुलिस पर राजनैतिक दबाव भी बनाया गया, लेकिन टीआई ने यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए बस को जब्त कर लिया।

थाना प्रभारी तिलक करोले के नेतृत्व में पुलिस टीम ग्रीन पार्क कॉलोनी गेट पर वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान इंदौर से अहमदाबाद जा रही बस यूपी-15 एचटी 8357 को रोका गया। चालक के बात करने के तरीके और आंखों की लाली देख जब 'ब्रीथ एनालाइजर' से उसकी जांच की गई, तो मशीन की रीडिंग 250 एमजी आई। नशे का यह स्तर इतना अधिक है कि चालक का वाहन पर नियंत्रण रखना नामुमकिन था।कार्रवाई के दौरान बस ऑपरेटर और कुछ रसूखदारों ने राजनैतिक गलियारों का हवाला देकर टीआई तिलक करोले पर दबाव डालने की कोशिश की। कई फोन आए, लेकिन टीआई ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि 'दर्जनों यात्रियों की जान से समझौता नहीं होगा।' पुलिस ने किसी भी दबाव को दरकिनार करते हुए बस को तत्काल थाने भिजवाया और चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया।




## यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा का रखा ध्यान

बस जब्त होने के बाद यात्री बीच राह में परेशान न हों, इसके लिए पुलिस ने मानवीय दृष्टिकोण अपनाया। टीआई ने बस ऑपरेटर को सख्त निर्देश देकर दूसरी बस और नया चालक बुलवाया। पुलिस ने अपनी मौजूदगी में सभी यात्रियों को सुरक्षित दूसरी बस में शिफ्ट कर रवाना किया। यात्रियों ने पुलिस की इस मुस्तैदी और संवेदनशीलता की जमकर प्रशंसा की। थाना प्रभारी ने बस संचालकों को सख्त चेतावनी दी है कि चालकों की लापरवाही पर अब सीधी जेल की कार्रवाई होगी।

### शिवरात्रि से पहले शिवालय पर चोरों का धावा

## शिव मंदिर से 25 किलो का पीतल का घंटा ले उड़े बदमाश

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

ग्रामीण क्षेत्र सिमरोल में बदमाशो के हौसले बुलंद हैं। बदमाशों ने अब आस्था के केंद्र को निशाना बनाते हुए सिमरोल थाना क्षेत्र स्थित परमहंस आश्रम चोरल के शिव मंदिर में चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। चोर मंदिर का ताला तोड़कर भारी भरकम पीतल का घंटा चोरी कर ले गए। पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।

पुलिस के मुताबिक, आश्रम निवासी 64 वर्षीय अर्जुनानंद महाराज ने शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि 11 फरवरी की रात को वे हमेशा की तरह भोजन कर सो गए थे। जब अगले दिन सुबह करीब 6 बजे वे पूजन के लिए शिव मंदिर पहुँचे, तो वहां का नजारा देखकर दंग रह गए। मंदिर के द्वार का ताला टूटा हुआ था और भीतर लगा करीब 25 किलो वजनी पीतल का घंटा गायब था। चोरी की भनक लगते ही आश्रम प्रबंधन ने परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। फुटेज में दो अज्ञात युवक रात के अंधेरे में मंदिर का ताला तोड़ते और फिर घंटा लेकर भागते हुए साफ नजर आ रहे हैं। चोरी गई घंटा की कीमत लगभग 7,000 रुपये बताई जा रही है। आश्रम के लोगों ने आसपास काफी खोजबीन की, लेकिन बदमाशों का कोई सुराग नहीं मिला। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों के हुलिए और उनके भागने के रास्ते की पड़ताल कर रही है। गौरतलब है कि बदमाश इसके पहले भी सिमरोल क्षेत्र में लूट के इरादे से शिवनगर में एक आश्रम पर धावा बोल चुके है। बीते एक सप्ताह में दूसरी बार किसी धर्मस्थल या आश्रम को बदमाशो ने निशाना बनाया है।

## कार से तस्करी कर रहा शातिर बदमाश गिरफ्तार

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



राऊ इलाके में पुलिस ने घेराबंदी करके एक ऐसी मारुति डिजायर कार को रोका, जो सवारी ढोने के लिए नहीं बल्कि शराब की मिनी-गोदाम बनी हुई थी। कार की डिक्की से लेकर पिछली सीट तक, जिधर देखो उधर बोतलें ही बोतलें भरी थीं।

राऊ थाना प्रभारी राजपाल सिंह राठौर को मुखबिर ने पक्का टिप दिया था कि एक सफेद डिजायर कार में अवैध शराब की बड़ी खेप निकलने वाली है। पुलिस ने देर रात नाकाबंदी की और जैसे ही संदिग्ध कार दिखी, उसे घेर लिया। तलाशी ली गई तो अंदर से 13 पेटी अंग्रेजी और देशी शराब बरामद हुई। पुलिस ने जब पकड़े गए आरोपी संतोष बागरी निवासी संजय नगर का रिकॉर्ड खंगाला, तो पता चला कि यह कोई नौसिखिया नहीं बल्कि इस धंधे का 'पुराना खिलाड़ी' है। उस पर पहले से ही आबकारी एक्ट के 5 मामले दर्ज हैं। पुलिस ने करीब 1 लाख 2 हजार की शराब और 6 लाख की डिजायर कार, यानी कुल 7 लाख 2 हजार का माल जब्त कर लिया है। इस महत्वपूर्ण कार्रवाई में उपनिरीक्षक प्रवीण जाधव, आरक्षक नारायण यदुवंशी, कमलेश चोरे और सुनील चौहान की मुख्य भूमिका रही। राऊ पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस अब इस बात की पड़ताल कर रही है कि शराब की यह खेप कहाँ से लाई गई थी और इसे शहर में किन-किन स्थानों पर सप्लाई किया जाना था।

### चाकू के साथ धराया

इंदौर। छत्रीपुरा थाना क्षेत्र में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक युवक को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी विवेक (19) निवासी उषा फाटक के पास एमजी रोड के पास से एक लोहे का तेजधारदार तड़तड़ीदार चाकू बरामद किया। पुलिस द्वारा आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धाराओं में मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# लापता मजदूर की पीट-पीटकर हत्या

*तेजाजी नगर में सड़क किनारे मिला खून से लथपथ शव*

इंदौर। तेजाजी नगर थाना क्षेत्र में बीती रात एक मजदूर की खून से सनी लाश मिली है। मजदूर दो दिन से लापता था।बीती रात उसका शव सड़क किनारे खून से लथपथ हालत में मिला।

तेजाजी नगर थाना प्रभारी देवेंद्र मारकम ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि एक युवक लहूलुहान हालात में सड़क पर पड़ा है। जब पुलिस टीम दलबल के साथ मौके पर पहुँची, तो युवक की मौत हो चुकी थी। मृतक की पहचान रेनसिंह पिता बालाजी (28), निवासी गुना हाल मुकाम तेजाजी नगर के रूप में हुई है। पुलिस ने शव का पंचनामा बनाकर उसे पोस्टमार्टम के लिए एमवाय अस्पताल भिजवाया।

### 15 दिन पहले ही काम की तलाश में आया था इंदौर

जांच में सामने आया है कि रेनसिंह करीब 15 दिन पहले ही अपनी पत्नी कलाबाई के साथ मजदूरी की तलाश में गुना से इंदौर आया था। दोनों तेजाजी नगर क्षेत्र में किराए का कमरा लेकर रहते थे और महादेव ईंट फैक्ट्री पर मजदूरी का काम करते थे। रेनसिंह बीते दो दिनों से अचानक लापता हो गया था। काफी तलाश के बाद जब वह नहीं मिला, तो उसकी पत्नी ने थाने में उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। गुरुवार रात उसका शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। टीआई देवेंद्र मारकम के मुताबिक, शुरुआती जांच और चोट के निशानों से प्रतीत होता है कि रेनसिंह के साथ बेरहमी से मारपीट की गई है। उसकी मौत डंडों और भारी वस्तु के प्रहार से हुई है। पुलिस अब इस बात की पड़ताल कर रही है कि रेनसिंह का किन लोगों से विवाद था और ईंट फैक्ट्री या उसके आसपास के लोगों की इसमें क्या भूमिका है।

# लेनदेन को लेकर ढाबे पर बुलाया और कर दिया चाकू से हमला

## *गांधी नगर क्षेत्र की घटना, 3 पर केस दर्ज*

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

गांधी नगर थाना क्षेत्र में पैसे के लेनदेन के विवाद में एक युवक पर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। आरोपियों ने पहले फरियादी के साथ मारपीट की और फिर चाकू से ताबड़तोड़ कई वार कर दिए। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पुलिस के मुताबिक, फरियादी दीपक उर्फ भीम पिता महेश चौहान, निवासी कुशवाह श्री नगर ने शिकायत दर्ज कराई है कि उसका आरोपी दीपक साहू के साथ पैसों का लेनदेन चल रहा था। इसी सिलसिले में बात करने के लिए फरियादी ने दीपक साहू को पालाखेडी रोड स्थित मनमोहन चौपाटी ढाबे पर बुलाया था। दीपक साहू अपने साथ दो दोस्तों, छोटू दीक्षित निवासी नंदबाग और सोनू गामोड निवासी कुशवाह नगर को लेकर वहां पहुँचा। फरियादी ने बताया कि जब वह दीपक साहू से बात कर रहा था, तभी अचानक छोटू दीक्षित ने उसे थप्पड़ मार दिया और गाली-गलौज शुरू कर दी। इसी बीच सोनू गामोड ने भी मारपीट की। विवाद इतना बढ़ा कि मुख्य आरोपी दीपक साहू ने चाकू निकाला और फरियादी के दाहिने पैर पर 4 से 5 बार वार कर दिए। हमले में फरियादी बुरी तरह लहूलुहान हो गया। झगड़े के दौरान फरियादी की गले की चेन भी कहीं गिर गई। वारदात के बाद तीनों आरोपी चिल्लाते हुए वहां से भागे और धमकी दी कि 'अगर पुलिस में रिपोर्ट की तो जान से खत्म कर देंगे।' घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। गांधीनगर पुलिस ने फरियादी दीपक की शिकायत पर आरोपी दीपक साहू, छोटू दीक्षित और सोनू गामोड के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।